CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 100 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है : खड़गे पेज 2



एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप: आशीष लिमाए ने गोल्ड जीता खेल टाइम्स



फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात सम्पादकीय



अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला पेज 12

# भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन से गले मिले पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, रेड कार्पेट वेलकम दिया
- पहले ही रूस के कई मंत्री पहुंच चुके थे दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल गांधी

- पहले विदेशी मेहमानों से विपक्षी नेताओं को मिलने दिया जाता था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे, तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है, लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं।



## पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। श्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता व आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मजबूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक पर करीब साढ़े तीन घंटे की चर्चा और उस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद राज्यसभा ने बिना किसी संशोधन के इसे लोकसभा को लौटने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसे बुधवार को लोकसभा की मंजूरी मिल गई थी। चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे जहां राजस्व वसूली का प्रयास बताते हुए विधेयक की आलोचना की, वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुनिया में 80 देश सिगरेट की कीमतों को निरंतर बढ़ाते रहते हैं, ताकि इसके उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिगरेट महंगाई सूचकांक के मानकों के अनुसार इस पर कर एवं शुल्क की दरों में संशोधन करता है।

### राजस्थान में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कोल्डवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2डिग्री सेल्सियस और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री सेल्सियस, कल्पा में -1.5डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में -3.9डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2डिग्री सेल्सियस- 3डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य व केंद्र सरकार अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम न कर पाने पर बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए। टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओ टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं। टीवीके वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हमारे पास 35 से 40 बीएलओ की जानकारी है, जिन्होंने एसआईआर के दौरान बहुत ज्यादा काम के दबाव की वजह से आत्महत्या की है। ये सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। इन्हें धारा 32 आरओपीए के तहत नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर वे समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करेंगे, तो उन्हें 2 साल की जेल होगी। उत्तर प्रदेश में बीएलओ के खिलाफ 50 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्हें (चुनाव आयोग) इस पर गर्व है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देखिए, यह कानूनी प्रक्रिया है, तो इसे करना ही होगा। कोई बीमार हो सकता है। मौत के अन्य स्वास्थ्य कारण भी हो सकते हैं। राज्य सरकारें इन कर्मचारियों को तैनात करती हैं। इसलिए हम राज्यों को बता सकते हैं कि जहां भी कर्मचारियों को समस्या हो रही है, उनकी जगह किसी और को नियुक्त किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कर्मचारी, एसआईआर सहित, वैधानिक कर्तव्यों को पूरा के लिए चुनाव आयोग के -**शेष पृष्ठ दो पर**

**SIR में लगे 29 BLO की अब तक हो चुकी है मौत**



# विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन सोनिया गांधी बोलीं- कैसे सांस लें

शाह टाइम्स ब्यूरो




- बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।' सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में श्रीमती गांधी ने कहा कि बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं। श्रीमती गांधी ने प्रदूषण के संकट को लेकर बुधवार को एक अखबार में लेख भी लिखा था, जिसमें खनन की इजाजत देने की सरकार की नीति की आलोचना की गई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिन से सक्रिय हैं।

## सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे: गडकरी

- संसद में बोले : बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा।

उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था।

### रुपया 90.43 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपये में गुरुवार को और गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में यह 90.43 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 18.50 पैसे गिरकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया गुरुवार को 21.50 पैसे की गिरावट में 90.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.43 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। रुपया बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट में बंद हुआ था।

## इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द, आज भी जारी रहेगी परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में गुरुवार को उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की हैं। शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं।




### सुषमा स्वराज के पति पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसम्बर को निधन हो गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।

# भाजपा को 959, कांग्रेस को 313 करोड़ चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ दिए
- भाजपा को मिला चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा

**नई दिल्ली।** भाजपा को साल 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये कांग्रेस से करीब तीन गुना राजनीतिक चंदा मिला। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये 959 करोड़ रुपये मिले।

कांग्रेस को मिले कुल चंदे 517 करोड़ में से 313 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये हासिल हुए। बीते साल की रिपोर्ट बताती है कि तृणमूल कांग्रेस को कुल 184.5 करोड़ का चंदा मिला, जिसमें 153 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट से आए। कांग्रेस की वार्षिक डोनेशन रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि भाजपा की रिपोर्ट अपलोड नहीं हुई है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था हैं, जिसके जरिये राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से सियासी दलों तक पहुंचाया जाता है। देश में कंपनियां राजनीतिक दलों को सीधे दान नहीं देती। इसलिए, वे इलेक्टोरल ट्रस्टों के जरिये राजनीतिक दलों तक चंदा पहुंचाती हैं। इलेक्टोरल ट्रस्टों की रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के बाद भी भाजपा की फंडिंग कम नहीं हुई। पार्टी को प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट से 757.6 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक ट्रस्ट से 150 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट से 30.1 करोड़, ट्रायम्फ ट्रस्ट से 21 करोड़, जन कल्याण ट्रस्ट से 9.5 लाख और आइंजिगार्टिंग ट्रस्ट से 7.75 लाख रु. मिले। 2018-19 में भी टाटा ग्रुप के पीईटी ने 3 दलों को 454 करोड़ रुपये बांटे थे। इनमें से 356 करोड़ रुपये भाजपा को मिले थे।

## तृणमूल कांग्रेस ने विधायक कबीर को किया निलंबित

- भरतपुर विधायक ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का दिया था प्रस्ताव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया। भरतपुर विधायक कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिस पर उठे राजनीतिक बवाल के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने संबंधी उनके प्रस्ताव से पूरे पश्चिम बंगाल में विवाद उत्पन्न हो गया था, जिस पर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से प्रतिक्रियाएं आ रही थीं। विधायक कबीर को पार्टी से निलंबित करने की घोषणा वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने की।

# सीएम ने की तराई क्षेत्र के विकास के लिए दर्जनों घोषणाएं

## पंडित राम सुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री धामी ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं तराई क्षेत्र के संस्थापक पंडित राम सुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन परिचय पर आधारित शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।




मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित राम सुमेर शुक्ल राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश, समाज और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन से ही पंडित जी की राष्ट्र सेवा की भावना अतुलनीय थी। वर्ष 1936 में मात्र 21 वर्ष की आयु में उन्होंने लाहौर अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना के द्विराष्ट्रवाद सिद्धांत का मुखर विरोध कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। बाद में गांधी जी के आदर्शों से प्रेरित होकर उन्होंने कानून की प्रैक्टिस छोड़ स्वतंत्रता आंदोलन में स्वयं को पूर्णतः समर्पित कर दिया। अनेक बार जेल जाने और यातनाएँ झेलने के बावजूद उनका साहस कभी नहीं डिगा। 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान युवाओं को संगठित कर उन्होंने आंदोलन को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी पंडित शुक्ल ने किसानों, स्वतंत्रता सेनानियों और तराई क्षेत्र के विकास को अपना जीवन लक्ष्य बनाया। तराई कॉलोनाइजेशन योजना के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने तराई क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव रखी। आज रुद्रपुर और तराई का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह उनकी दूरदृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंडित जी की इसी विरासत को आगे बढ़ाने में उनके पुत्र तथा मेरे मित्र राजेश शुक्ल निरंतर कार्य कर रहे हैं।

■ रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज परिसर में किया पंडित शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण और शिलापट्ट का अनावरण, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 व्यक्तियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री पूर्व विधायक राजेश शुक्ल के आवास पहुँचे, जहाँ उन्होंने उनकी माताजी से आशीर्वाद लिया और भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, खतीब मलिक, मंजीत सिंह, उत्तम दत्ता, मुकेश कुमार, गदरपुर नगरपालिका अध्यक्ष मिंटू गुम्बर, सचिन शुक्ला, नगर पंचायत दिनेशपुर की अध्यक्ष मंजीत कौर, पंडित राम सुमेर शुक्ल मेमो. रियल फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजेश शुक्ला बोले ,धामी है तो हामी है

कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में पंडित राम सुमेर शुक्ल ने तराई को बसाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आज एम्स, मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल स्मार्ट पार्क जैसी परियोजनाएँ तराई के सुनहरे भविष्य का संकेत देती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि "धामी है तो हामी है"ख्रधामी सरकार ने यूसीसी और नकलविरोधी कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णय लेकर एक मिसाल कायम की है।

# एनएच सुधारीकरण के लिए 720 करोड़ स्वीकृत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हरिद्वार - देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुधारीकरण प्रक्रिया लेकर केंद्र से बड़ी खुशखबरी आई है। अगले ढाई वर्ष में पूर्ण होने वाली इस कार्ययोजना के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने 720 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा राज्यसभा में प्रश्न संख्या 324 के तहत एनएच-7 और एनएच-34 पर क्रमश लाल टप्पर और मोतीचूर के अधूरे छूटे कार्यों के संबंध में जानकारी मांगी थी।

गौरतलब है कि हरिद्वार देहरादून और हरिद्वार ऋषिकेश के बीच सफर करने वाले वाहनों को अपूर्ण कार्य के चलते समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसके सम्बन्ध में स्थानीय लोगों की समस्या को देखते प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सदन में इसे उठाया गया।जिसका जवाब देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी की तरफ से बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग -7 के देहरादून-लाल टप्पर-नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के नेपाली फार्म मोतीचूर खंड के सुधार के लिए कार्य सौंप दिया गया है। जिसके लिए 18 नवंबर को संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पूरे कार्य के कार्यान्वयन के लिए 720.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। केंद्र द्वारा इस परियोजना के लिए निर्माण अवधि नियत तिथि से 2.5 वर्ष रखी गई है।



■ राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के सवाल के जवाब में मिली जानकारी

# डॉ. नरेश बंसल ने सदन में उठाया आयुर्वेद का मुद्दा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने संसद में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा संर्वधन का विषय उठाया।डा. नरेश बंसल ने विषेश उल्लेख में यह जनहित एवं देशहित का विषय उठाया।

डा नरेश बंसल ने सदन में भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण विषय को रखते हुए कहा कि हमारे देश की आयुष सिस्टम से जुड़ी स्वदेशी स्वास्थ्य पद्धतियाँ ख्र आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा ख्र केवल इलाज नहीं, बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी प्रभावशाली हैं।

यह पद्धतियाँ हमारे देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के हृदय के भी अत्यंत निकट हैं। इसके बावजूद भी, इन्हें आज भी विदेशी चिकित्सा प्रणाली के समान दर्जा और संसाधन नहीं मिलते।उदाहरण के लिए, भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट 1,00,000 करोड़ है, जबकि आयुष मंत्रालय का बजट मात्र 4,000 करोड़ के आसपास है। यह भारी अंतर आयुर्वेद और अन्य पद्धतियों के विकास में बाधा है।



डा. नरेश बंसल ने सात आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को भी शामिल किया जाए। ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 और ड्रग एंड मैजिक एक्ट 1954 को निरस्त कर यूनिफॉर्म हेल्थकेयर कोड लागू किया जाए।

■ योग और प्राकृतिक चिकित्सा संर्वधन के बारे में भी रखी अपनी बात

आयुर्वेदिक उद्योग, स्टार्टअप्स और रिसर्च को विशेष सरकारी प्रोत्साहन मिले। आयुष पद्धतियों का बजट वर्तमान आवश्यकता के अनुसार कम से कम 5 गुना बढ़ाया जाए। सभी मेडिकल कोर्स का पहला वर्ष समान हो, जिससे सभी पद्धतियों का मूल ज्ञान छात्रों को मिले।

आयुष डॉक्टरों को एक्स-रे , एमआरआई सर्जरी व डिलीवरी की अनुमति दी जाए। कक्षा 10 तक आयुर्वेद व योग को अनिवार्य विषय बनाया जाए।

# नर्सिंग भर्ती को लेकर युवाओं को गुमराह न करे विपक्ष: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती को लेकर विपक्ष प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर रहा है। जबकि उक्त विभागों में नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती उत्तराखंड अधीनस्थ नर्सिंग (अरा. जपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमवाली, 2022 में निहित प्राविधानों के अनुरूप राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से की जा रही है।

विपक्षी दलों द्वारा लगाये गये आरोपों पर पलटवार करते हुये सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत कहा कि विपक्षी दलों ने हमेशा प्रदेश के युवाओं को बरगलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की रोजगारपरक नीतियों से विपक्षी दल परेशान हैं, जिसके चलते वह अब युवाओं को गुमराह करने में जुटे हैं।



डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेराजगार युवाओं को सरकारी नौकरियों में लगातार अवसर दे रही है। जिसे क्रम में स्वास्थ्य विभाग में 103 तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में 587 पदों पर राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती निकाली गई है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती उत्तराखंड अधीनस्थ नर्सिंग (अराजपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमवाली, 2022 में निहित प्राविधानों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से की जायेगी। पूर्व में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों में की गई नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिये राज्य सरकार ने तत्कालीन आवश्यकताओं व लंबे समय से विभाग में भर्ती न होने उपजी परिस्थितियों तथा युवाओं की मांग पर लिखित परीक्षा में छूट के लिये एकबार शिथिलता प्रदान की गई थी। जिसके तहत लिखित परीक्षा के स्थान पर वर्षवार मेरिट के आधार पर पारदर्शिता से भर्ती की गई। जिसमें प्रदेश के युवाओं का चयन हुआ था न कि बाहरी राज्यों के व्यक्तियों का।डॉ रावत ने बताया कि यह प्रक्रिया सिर्फ एक बार के लिये की गई। जबकि अब आगे की नर्सिंग भर्ती परीक्षा पूर्व की भांति नियमावली के अनुरूप आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि युवाओं की मांग पर ही चयन बोर्ड को नई भर्ती का अधियाचन भेजा गया है।

■ विभागीय नियमावली के तहत ही होगी नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती

### विरोध की बजाए अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाएं विपक्ष: डॉ. रावत

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के उस बयान को निराशा एवं हताशा का द्योतक बताया जिसमें वह नर्सिंग अधिकारी भर्ती को लेकर सरकार पर बिना जानकारी के मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं के पास जनता के सामने अपनी उपलब्धि गिनाने के लिये कुछ भी नहीं है लिहाजा विपक्ष सरकार की उपब्धियों से बौखलाकर युवाओं के साथ ही आम जनता को भी गुमराह कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। डॉ. रावत ने कहा कि इतिहास गवाह है कि कोई भी राजनैतिक दल बिना अपनी किसी उपलब्धि के सत्तापक्ष की आलोचना करके अपने मकसद में कामयाब नहीं हुआ है। उन्होंने विपक्षी दलों को ललकारते हुये कहा कि अगर वह सही मायने में उत्तराखंड की जनता के हितैषी हैं तो पृथक राज्य गठन के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये कार्यों को जनता के समक्ष रख कर स्वस्थ राजनीति का उदाहरण पेश करें। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश की जनता काफी समझदार और शिक्षित है जो भती-भांति जानती है कि कौन राजनीतिक दल उनका हितैषी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार के जनकल्याणकारी नितियों व विकास कार्यों से घबरा गया है ऐसे में झूटे आरोप लगाना विपक्ष की नियति बन गई है।

# टिहरी बांध विस्थापितों को मिले फ्री बिजली: हरक सिंह

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने राजीव भवन में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता में प्रदेश की राजनीतिक हवा को नया मोड़ दे दिया। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की लड़ाई है और इसे युद्ध की तरह लड़ना होगा।

डॉ. रावत ने बताया कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में पुराने और उपेक्षित कांग्रेसजनों को वापस सक्रिय राजनीति में लाने के लिए अभियान छेड़ेगी, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिले। उन्होंने कहा कि जिला और प्रदेश स्तर के हर मुद्दे को जनता के बीच मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले 15 दिनों में नई कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी। इसके लिए दिल्ली में 8 दिसंबर को वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक तय की गई है। प्रेसवार्ता में पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवान, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश विरमानी, सुरेंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र पोखरियाल, सुनीता प्रकाश, संजय शर्मा और सेवानिवृत्त कर्नल राम रतन नेगी उपस्थित रहे।




■ अगले 15 दिनों में पीसीसी गठन का किया दावा 2027 चुनाव को 'युद्ध' की तरह लड़ने की तैयारी पुराने कांग्रेसियों को साथ लाने का मिशन किया शुरू

### टिहरी विस्थापितों से हुए वादे क्यों भूली सरकार?

डॉ. हरक सिंह रावत ने टिहरी बांध विस्थापितों की पीड़ा को उठाया। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा, टिहरी बांध बनने के समय विस्थापितों से वादा किया गया था कि उन्हें फ्री बिजली मिलेगी। लेकिन आज तक उनके साथ किया गया वह वादा पूरा नहीं हुआ। यह चिंता का विषय नहीं, अन्याय का विषय है। उन्होंने विभाजन एक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाला टैक्स अब भी उत्तर प्रदेश को जा रहा है। हम संशोधन की मांग करेंगे ताकि उत्तराखंड को उसका वैधानिक अधिकार मिले।

### 2027 चुनाव की तैयारी: हर बूथ पर होगी 'बारीक नजर'

डॉ. रावत ने कहा कि कांग्रेस ने अभी से चुनावी मोर्चे पर काम शुरू कर दिया है।बूथवार वोटर लिस्ट की निगरानी की जाएगी, जमीनी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदाताओं के मुद्दों का गहन विश्लेषण किया जाएगा। भाजपा के 'कागजी बूथ मैनेजमेंट' की पोल खोलने की रणनीति पर काम किया जाए। उन्होंने कहा, भाजपा जिस बूथ मैनेजमेंट का ढिंढोरा पीटती है, वह हवा-हवाई है। समय आने पर उसकी सच्चाई जनता के सामने रख देंगे।

### हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़ी लड़ाई कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी। युवा, किसान, सैनिक सभी वर्गों की समस्याएँ कांग्रेस की प्राथमिक सूची में होंगी। डॉ. रावत ने एक बार फिर दोहराया, 2027 की तैयारी आज से शुरू हो चुकी है। हर दिन, हर सप्ताह, हर महीने हम इसे चुनाव का दिन मानेंगे।

# यूजेवीएन निदेशक मंडल की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 131वीं बैठक में सरकारी भ्योल रुपसियाबगड़ परियोजना के प्रस्तावों सहित कई अन्य प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निद.ेशक डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि राज्य में ऊर्जा उत्पादन को गति देने के लिए बैठक में प्रस्तावित 120 मेगावाट क्षमता की सरकारी भ्योल रुपसियाबगड़, 102 मेगावाट की मोरी त्यूणी तथा 114 मेगावाट की सेला उर्थिंग जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी क्रम में सरकारी भ्योल रुपसियाबगड़ परियोजना के विद्युत यांत्रिक कार्यों की पुनरीक्षित लागत भी शामिल है।

■ यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक आयोजित

डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि उक्त परियोजनाओं के निर्माण से प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में काफी सुधार होगा और राज्य को ऊर्जा प्रदेश बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

डॉ. सिंघल ने आगे बताया कि निद.ेशक मंडल ने निगम के परिचालन के अंतर्गत विद्युतगृहों एवं अन्य घटकों को वर्ष 2026-27 हेतु बीमित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसी के साथ 1907 में स्थापित 3.5 मेगावाट की गलोगी लघु जल विद्युत परियोजना के आर.एम.यू. के पश्चात कैपिटल संशोधित टैरिफ के लिए उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि ग्यारह वृहद जल विद्युत परियोजनाओं के टैरिफ पिटिशन के विचलन द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव का भी संज्ञान निदेशक मंडल द्वारा बैठक में लिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन एवं अध्यक्ष यूजीवीएन लिमिटेड आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मिनाक्षी सुंद. रम, अपर सचिव वित्त हिमांशु खुराना के साथ ही इंदु कुमार पांडेय, बी.पी. पांडेय, पराग गुप्ता, प्रबंध निदेशक यूजेवीएन लिमिटेड डॉ. संदीप सिंघल, प्रबंध निदेशक पिटकुल पी.सी. ध्यानी, निदेशक परियोजनाएं सुरेश चन्द्र बलूनी, निदेशक परिचालन ए.के.सिंह, अधिशासी निदेशक वित्त सुधाकर बडोनी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं पर अमर्यादित टिप्पणियां हरक का राजनैतिक दिवालियापन : दिलीप

■ दिल्ली दरबार में नंबर बढ़ाने और गोदियाल से आगे निकलने के लिए दे रहे अनर्गल बयान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा विधायक महंत दिलीप सिंह रावत ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा भाजपा नेताओं पर की जा रही अमर्यादित टिप्पणियों की कड़े शब्दों में आलोचना करते इसे उनका राजनैतिक दिवालियापन बताया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हरक का कोई भरोसा नहीं, क्योंकि जब कांग्रेस में उनकी पूछ नहीं होगी तो वे कहेंगे कि राहुल को उन्होंने राजनीति सिखाई है। राजीव को पीएम बनाया और नेहरू पहले पैदा हुए इसलिए उन्हें नहीं सिखा पाया। बेहतर है कि उन्हें दिल्ली दरबार में नंबर बढ़ाने और गोदियाल से आगे निकलने के लिए, ऐसे बयान देने से बचना चाहिए।

### जब कांग्रेस में नहीं सुनी जाएगी, तब कहेंगे राहुल को राजनीति मैंने सिखाई

वहीं हरक सिंह रावत के भाजपा नेताओं पर किए खुलासों पर तंज किया कि जब उनकी कांग्रेस में नहीं सुनी जाएगी तो वे कहेंगे कि राहुल गांधी को उन्होंने राजनीति सिखाई, राजीव गांधी को पीएम बनाया और नेहरू कुछ दिन पहले पैदा हुए इसलिए उन्हें नहीं सिखा पाया। इसलिए उनके ऐसे बयानों पर हंसा जा सकता है, विश्वास नहीं किया जा सकता है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हरक सिंह रावत इस समय राजनैतिक डिप्रेशन में हैं। इसीलिए वे पार्टी के अपने प्रतिद्वंदी गोदियाल से आगे निकलने की होड़ में अनर्गल बयान भाजपा नेताओं पर दे रहे हैं। आज उनके पास अधिक मुद्दे नहीं है राजनी. तिक बातें नहीं हैं, उनके बयान सुनकर कहीं से नहीं लगता कि वे बड़े नेता हैं। वे गली मोहल्ले के छूछूंदर की तरह राजनैतिक बयान दे रहे हैं । कोई राजनीतिक व्यक्ति हैं ऐसा कैसे कह सकता है कि मैने इसको रोटी खिलाई, पानी पिलाया, उठाया, बैठाया। ऐसा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में होता है और कितने ही लोगों ने हरक की भी मदद की होगी। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक बुद्धि को दुरुस्त करना चाहिए और राजनीतिक विचारधारा को समृद्ध करें। वहीं तंज करते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक विचारधारा आज तक एक नहीं रही है। लेकिन फिर किसी पर कीचड़ उछालने से पहले खुद को देखें कि वे कहाँ हैं। सिर्फ कांग्रेस में नंबर बढ़ाने के लिए भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाना ठीक नहीं है।

# 25 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर गरजी एमडीडीए की जेसीबी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों के खिलाफ चलाया जा रहा सख्त अभियान लगातार जारी है। राजधानी के विकास को व्यवस्थित, सुरक्षित और नियमानुसार बनाए रखने के उद्देश्य से एमडीडीए रोजाना विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण और कार्रवाई कर रहा है। अवैध कॉलोनाइजर और नियमों को दरकिनार कर भूमि का दुरुपयोग कर रहे व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा रही है, ताकि भविष्य में प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध और असंगठित विकास न बढ़ सके। एमडीडीए का यह अभियान न केवल शहर के सुनियोजित विकास को दिशा दे रहा है, बल्कि आम नागरिकों के हितों और सुरक्षा को भी सुनिश्चित कर रहा है।



मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विकसित नगर, शिमला बाईपास और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए की टीम ने गुरुवार को भी कार्रवाई जारी रखी। होरोवाला रोड, छरबा, देहरादून में मदन सिंह नेगी द्वारा लगभग 04-05 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग का ध्वस्तीकरण किया गया। टीम में अवर अभियंता सिद्धार्थ सेमवाल, अमन पाल, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

■ विकासनगर, शिमला बाईपास सहित कई क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई,शेरपुर सेलाकुई में 20 बीघा प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण

बीते दिन बुधवार को प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत शेरपुर सेलाकुई, देहरादून में की जा रही बड़ी अवैध प्लॉटिंग पर भी निर्णायक कार्रवाई हुई। नवीन गुप्ता व अन्य द्वारा लगभग 20 बीघा भूमि में की गई अनधिकृत प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता नितेश राणा और सुपरवाइजर मौके पर उपस्थित रहे तथा संपूर्ण कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### नियोजित तरीके से विकास एमडीडीए का उद्देश्य : तिवारी



एमडीडीए का उद्देश्य देहरादून और आसपास के क्षेत्रों को नियोजित तरीके से विकसित करना है। अवैध प्लॉटिंग और निर्माण न केवल शहर के स्वरूप को बिगाड़ते हैं, बल्कि नागरिकों के लिए भविष्य में गंभीर समस्याएँ भी पैदा करते हैं, जैसे मूलभूत सुविधाओं का अभाव, सड़क, बिजली, सीवर और जलापूर्ति की दिक्कतें। इसलिए प्राधिकरण द्वारा किसी भी प्रकार के अनधिकृत विकास को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चाहे मामला छोटा हो या बड़ा, अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से सीलिंग और ध्वस्तीकरण हो। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और पूरी पारदर्शिता के साथ चलाया जाएगा।

### लगातार मैदानी स्तर पर निगरानी कर रही एमडीडीए की टीम : बर्निया

एमडीडीए की टीम लगातार मैदानी स्तर पर निगरानी कर रही है। जहां भी अवैध प्लॉटिंग या निर्माण पाया जा रहा है, वहीं मौके पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। हमारा लक्ष्य क्षेत्र में व्यवस्थित, नियमसम्मत और सुरक्षित विकास सुनिश्चित करना है और इसके लिए कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# रेलवे स्टेशन पर ठंड से अज्ञात शख्स की मौत

## उम्र 50-55 के करीब, शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** रेलवे स्टेशन परिसर में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए परंतु कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में व्यक्ति की मौत ठंड लगने से प्रतीत हो रही है। मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच बताई जा रही है, और शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा ने बताया कि बृहस्पतिवार को स्थानीय लोगों ने रेलवे के एक भवन में एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची



पुलिस टीम ने प्रारंभिक जांच करते हुए बताया कि उक्त व्यक्ति की मौत में प्रथम दृष्टया ठंड लगने से होना प्रतीत हो रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि वह व्यक्ति पहली बार इस क्षेत्र में देखा गया था। पुलिस को मृतक के पास से लखनऊ का रेलवे टिकट भी मिला है। मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्चरी में भिजवा दिया है। अब शिनाख्त होने के अंतराल 72 घंटे के बाद उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### दस दिन बाद झाड़ी में मिला लापता युवक का शव

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों में से एक युवक ने



झाड़ियों के अंदर एक व्यक्ति की टांग दिखाई। पास जाकर देखा तो युवक का शव पड़ा हुआ था। शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान की। मृतक की पहचान 42 वर्षीय रमेश चंद्र पुत्र मोहन राम, निवासी धमौला के रूप में हुई। मृतक के परिजनों के अनुसार, रमेश 24 दिसंबर को अपने दोस्त के घर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने फोन करने की कोशिश की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और दोस्तों से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अंत में, 29 नवंबर को परिजनों ने कालाढूंगी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को रमेश का शव उनके घर से केवल आधे किलोमीटर की दूरी पर स्थित झाड़ियों में मिला। कालाढूंगी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव को देखकर यह प्रतीत होता है कि यह कई दिन पुराना है और मृतक की मृत्यु करीब पांच से छह दिन पहले हुई हो सकती है। हालांकि, मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** क्षेत्र में तेंदुओं की दहशत रुकने का नाम नहीं ले रही है। कभी कहीं तो कभी कहीं तेंदुए देखे जाने से लोग दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। अब द्रोणा सागर स्थित गोविषाण टीले के पास व कुण्डेश्वरी क्षेत्र में तेंदुए देखे जाने से लोगों में फिर भय व्याप्त हो गया है। बाजपुर रोड पर गोविषाण टीले के पास विनायक मोटर वाली गली से तेंदुआ एक कुत्ते को देर रात उठाकर ले गया। वहां के निवासी गगन विनायक ने बताया कि उनकी गली गोविषाण टीला से सटी हुई है। उनकी गली में 3-4 दिन से तड़के और देर रात में लगातार तेंदुआ घूमता नजर आ रहा है। गगन ने बताया कि तीन दिन पहले गली निवासी अरविंद विनायक के घर की चहारदीवारी फांदकर तेंदुआ भीतर घुस आया और कुत्ते पर झपट पड़ा। शोर मचाने पर टीले की ओर भाग गया। अब बीते रोज एक बार फिर तेंदुआ वहां पहुंचा और एक कुत्ते को देर रात उठाकर ले गया। उन्होंने बताया कि तेंदुए की लगातार आवाजाही से यहां के निवासियों में दहशत है। लोग देर रात में अपने घर से बाहर निकलने से घबरा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से गश्त करने और पिंजरा लगाने की मांग की है। उधर कुंडेश्वरी इलाके में एक सप्ताह से लगातार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया है। एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि बरखेड़ी और आईआईएम क्षेत्र में आबादी के पास कुछ दिनों से तेंदुआ दिख रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ पिंजरा लगाया गया है। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर वन कर्मियों को सूचना देने को कहा गया है।

## एक नजर

### जीजीआईसी रानीखेत के पास लगी आग

**अल्मोड़ा।** जीजीआईसी रानीखेत के पास जंगल में लगी आग पर फायर यूनिट रानीखेत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काबू पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों से फायर स्टेशन रानीखेत को सूचना मिली कि विद्यालय के पास जंगल क्षेत्र में अचानक आग भड़क गई है। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तुरंत मौके के लिए रवाना हुई। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर एमएफई से होजरील की सहायता से वाहन से पंपिंग करते हुए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से आग को फैलने से रोक लिया गया और संभावित बड़ी घटना टल गई।

### दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

**अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ अब तेजी से दिखाई देने लगा है। पशुपालकों को स्व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दी जा रही सुविधाओं व प्रोत्साहनों के चलते अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपदों में दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दुग्ध संघ अल्मोड़ा के महाप्रबंधक पुष्कर सिंह नगरकोटी ने बताया कि अल्मोड़ा जिले में 280 दुग्ध समितियों के माध्यम से प्रतिदिन 10 हजार लीटर से अधिक दूध दुग्ध संघ को प्राप्त हो रहा है। वहीं बागेश्वर जनपद में लगभग 5 हजार लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन पशुपालकों द्वारा किया जा रहा है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से पलायन आयोग द्वारा जल्द ही द्वाराहाट क्षेत्र में एक मिल्क एटीएम वाहन संचालित किया जाएगा।

### पटोड़ी गांव में गुलदार ने युवक पर किया हमला

**अल्मोड़ा।** रानीखेत वन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटोड़ी में गुलदार के हमले से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नवीन चंद्र पुत्र बाला दत्त पर अचानक गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर व शरीर पर पंजों के गहरे घाव आए हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग बिल्लेख अनुभाग के अधिकारी क्यूआरटी टीम के साथ तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट पहुंचे। अधिकारियों ने घायल के परिजनों से मुलाकात कर समुचित उपचार का आश्वासन दिया। प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उच्च स्तरीय इलाज के लिए हल्द्वानी रेुर कर दिया। घटना के बाद प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीखेत के निर्देश पर क्षेत्र में सुरक्षा एवं निगरानी सख्त कर दी गई है।

### एसआईआर को लेकर हुई दलों के साथ बैठक

**अल्मोड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में बीएलए की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। बताया गया कि राजनीतिक दल दो बीएलए की नियुक्ति करेंगे। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी दिनों में एसआईआर का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए सभी बूथों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी राजनैतिक दल भी अपने अपने प्रतिनिधि को बीएलए के रूप में नामित करें, जिससे आपसी समन्वय कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को दक्षता के साथ संपादित किया जा सके। कहा कि सभी राजनैतिक दलों के द्वारा दो प्रकार के बीएलए नियुक्त किए जाएंगे। जिसमें बीएलए प्रथम विधानसभा वार नामित किए जाएंगे और बीएलए द्वितीय प्रत्येक बूथ के लिए नामित किए जाने हैं। यह बूथ लेवल एजेंट एसआईआर के दौरान अपनी आपत्तियों एवं शिकायतों को बीएलओ को अवगत कराते हुए उनका निस्तारण करने का कार्य कर सकेंगे। यहां एडीएम युक्ता मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत रावत रहे।

### विवाहिता ने कीटनाशक निगल लिया

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील के शामा निवासी विवाहिता ने अज्ञात कारणों से घर में रखा कुरमुला कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। महिला को तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां फिजिशियन डा. प्रीति यादव के नेतृत्व में महिला का प्राथमिक उपचार हुआ। जिसके बाद उन्हें वार्ड में भर्ती कर दिया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय महिमा पत्नी भूपाल सिंह ने बुधवार की रात में अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। परिजन समय रहते महिला को जिला चिकित्सालय लाए। इधर डा. प्रतीति यादव ने महिला का उपचार शुरू किया।

### विधिक शिविर में लोगों को जागरूक किया

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने गुरुवार को राजकीय इण्टर कॉलेज बदियाकोट में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। इस शिविर में कई विभागों ने सहभागिता की। समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा और परित्यक्ता पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। थानाध्यक्ष, कपकोट ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और एनडीपीएस एक्ट पर जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने 35 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण और अन्य विधिक पहलुओं पर जानकारी दी। सचिव ने नुक्कड़-नाटक और स्वागत गीत में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो भी वितरित किए।

### शिक्षा अनुभव आधारित प्रक्रिया: सेमवाल

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे एफएलएन प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में मंडलीय अपर शिक्षा निदेशक, शिव प्रसाद सेमवाल ने प्रधानाध्यापकों को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा को अनुभव आधारित प्रक्रिया बताते हुए कक्षा कक्ष में अनुभवों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डायट प्राचार्य चक्षुष्पति अवस्थी ने शैक्षिक विकास योजना के नियमित क्रियान्वयन की बात की। इस दिन भाषा और गणित विषय पर दक्षता आधारित प्रश्न पत्रों का निर्माण किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डा. संदीप कुमार जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी विद्यालयों में नियमित मूल्यांकन प्रक्रिया जारी रहेगी और इस माह निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, डायट प्रवक्ता राजीव जोशी और अन्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

### रोहित राणौत दे रहे सफलता की उड़ान

**काशीपुर।** नगर निवासी बैडमिंटन कोच रोहित राणौत, जो वर्तमान में गुवाहाटी स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कार्यरत हैं, भारत के उभरते शटलरों को वैश्विक मंच पर शानदार परिणाम दिलाने में लगातार मार्गदर्शन कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएफ द्वारा मान्यता प्राप्त मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में रौनक चौहान और अश्मिता चालीहा फाइनल तक पहुंचे, जहाँ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं, श्रेया लेले ने तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज, जिसे बीडब्ल्यूएफ द्वारा मान्यता प्राप्त है, में कांस्य पदक जीता, जो बैडमिंटन में भारत की हालिया उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण जुड़ाव है। कोच राणौत ने खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सफलता भारत की बैडमिंटन में बढ़ती मजबूती और गहराई को दर्शाती है।

## सऊदी अरब भेजने के नाम पर की 1.33 लाख की ठगी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर देकर एक एजेंट पर सऊदी अरब भेजने के नाम पर एक लाख 33 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहल्ला थाना साबिक, सुनहरी मस्जिद के पास निवासी अनवार हुसैन ने बांसफोड़ान पुलिस चौकी में दी तहरीर में कहा कि शादाब निवासी सुन्नी तारा मस्जिद के पास महेशपुरा, मोहम्मद जुनैद व अन्नू निवासी मोहल्ला थाना साबिक व नबी जान निवासी मंझरा रोड ने सरवरखेड़ा निवासी एक एजेंट से लगभग दो महीने पहले संपर्क साधा। उसने पांचों को भरोसा दिलाया कि वह उनके सऊदी अरब (जेद्दा) भेजकर होटल में वेटर की नौकरी दिलवा देगा। उनको मासिक वेतन 1600 रियाल मिलेंगे। इन लोगों ने उसको एक लाख 33 हजार रुपये नकद दे दिए थे। आरोप लगाया कि उस एजेंट ने रुपये लेने के बावजूद पांचों को अब तक विदेश नहीं भेजा और न ही रुपये वापस किए। रुपयों का तकादा करने पर वह टाल-मटोल कर रहा है। विदेश जाने के लिए कागजात तैयार करने में उनके 40 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च हो चुके हैं। एजेंट एग्रीमेंट का भी उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने पुलिस से एजेंट पर कार्रवाई करने और रुपये वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## दुर्दशा पर आंसू बहा रहा द्रोणासागर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** देवभूमि उत्तराखंड के प्राचीन और पावन तीर्थ स्थलों में शामिल श्री द्रोणा सागर तीर्थ इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिस सरोवर को पौराणिक महत्व के कारण 'सागर' कहा जाता है, वहां आज जल नहीं, बल्कि कूड़े का अंबार नजर आ रहा है। सरोवर के किनारों पर चिप्स के पैकेट, चाय के गिलास, प्लास्टिक की पन्नियां आदि फैले दिखाई दे रहे हैं, जो इस धार्मिक स्थल की उपेक्षा की गवाही दे रहे हैं। यहां आने वाले लोगों का कहना है कि यह पवित्र तीर्थ स्थल प्रशासन के रख-रखाव में है, लेकिन सफाई व्यवस्था की असलियत स्थल पर मौजूद गंदगी खुद बयां कर रही है। लोगों द्वारा



फेंका गया कचरा हो या बाहरी तत्वों की लापरवाही, द्रोणा सागर के चारों ओर फैली गंदगी यह दिखाती है कि हम अपने पवित्र स्थलों के प्रति कितने जागरूक हैं। वर्तमान में सरोवर में पानी भी नहीं है। सागर कहलाने वाला यह तीर्थ स्थल अब सूखे गड्ढे और कूड़े के ढेर जैसा दिखता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने और तीर्थ स्थल के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। द्रोणा सागर की यह स्थिति न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और पर्यावरणीय संवेदनशीलता पर भी बड़े सवाल खड़े करती है।

## महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देगा आरबीआई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** अलुम्नी अल्मा मेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) द्वारा महिलाओं के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक में करियर अवसरों पर एक जागरूकता कार्यक्रम जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डा. एएस जीना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, जीबीपीयूएटी एवं उपाध्यक्ष-1(4ए) के स्वागत उद्‌बोधन से हुई। उन्होंने युवा छात्राओं के लिए करियर संबंधी सही मार्गदर्शन और अवसरों को समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डा. अनिल कुमार, मुख्य समन्वयक एवं सचिव, 4ए ने आरबीआइ टीम का परिचय कराया




तथा 4। द्वारा विश्वविद्यालय मे आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में आगे रिया चौहान, सहायक महाप्रबंधक, आरबीआइ ने प्रेरणादायक और सशक्तिकरण से भरा व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने आरबीआइ भर्ती की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा महिलाओं के प्रतिनिधित्व को वर्तमान 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के लक्ष्य पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उनका संबोधन अत्यंत जानकारीपूर्ण, प्रेरक और उत्साहवर्धक रहा। इसके बाद नितिन एस. राऊत, सहायक प्रबंधक आरबीआइ ने आरबीआइ में उपलब्ध विभिन्न नौकरी अवसरों पर प्रकाश डालते हुए चयन प्रक्रिया की व्याख्या की, जिससे छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के समापन पर डा. अनिल कुमार ने दोनों माननीय वक्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि 4ए आगे भी विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास हेतु ऐसे उपयोगी और प्रोत्साहनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन 4। टीम के सदस्यों उदित जोशी, सुमित, अश्मिता चौहान, सौरभ कुमार यादव, पार्थवी सिंह, दीपांशु देवतल्लाह, रुद्राक्ष, आयुषी उनियाल, फिल्ज़ा अहमद, राधेश्याम और राजेश रस्तोगी द्वारा किया गया।

## मेडिकल कॉलेज में क्षय रोग उन्मूलन पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** 'यूनाइट टू एंड टीबीरू फ्रॉम विजन टू विक्ट्री' विषय पर मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में टीबी उन्मूलन को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में टीबी की रोकथाम, इलाज को लेकर जानकारी दी गई।

टीबी जांच के पारंपरिक से लेकर आधुनिक तरीके भी बताए। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान (मेडिकल कॉलेज) में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने मुख्य अतिथि दर्जाधारी गंगा बिष्ट व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं की पोस्टर ड्राइंग प्रतियोगिता हुई। इसमें इसके बाद हुए सत्रों में बाल रोग के विभागाध्यक्ष डा. अमित कुमार सिंह ने बाल्यकाल के समय हुए टीबी के निदान से जुड़ी समस्याएं बताई। डा. संजय गौड़ ने एटीटी अपडेट और नई दवाओं की जानकारी दी। डा. डीसी पुनेरा टीबी के वर्तमान इलाज पर व्याख्यान दिया। टीबी जांच में पारंपरिक से लेकर आधुनिक आणविक तकनीक तक की जानकारी डा. इराम रफीक अबिदिन ने दी। डा. अशोक कुमार ने एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के निदान और चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में टीबी मरीजों को निशुल्क पोषण किट का भी वितरण किया गया। यहां डा. प्रियांशु डेनियल, डा. विक्रांत नेगी, नोडल अधिकारी डा. अनिल पांडे आदि रहे।

## बालम सिंह जनोटी का 77वीं जयंती पर स्मरण

### कैप्टन नारायण सिंह को स्मृति सम्मान



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** वरिष्ठ आंदोलनकारी, राजनीतिज्ञ, पत्रकार, साहित्यकार, अधिवक्ता और नगरपालिका परिषद अल्मोड़ा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बालम सिंह जनोटी की 77वीं जयंती गुरुवार को तहसील सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर युवाओं को सैन्य भर्ती हेतु निशुल्क प्रशिक्षण देने में उल्लेखनीय योगदान देने पर कैप्टन नारायण सिंह को स्वर्गीय बालम सिंह जनोटी स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथियों दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वर्गीय जनोटी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसी क्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मोहन चंद्र जोशी ने सरस्वती वंदना और स्वर्गीय जनोटी पर आधारित दोहे और चौपाई से कार्यक्रम की शुरुवात की। संचालन करते हुवे प्रेस क्लब के अध्यक्ष चन्दन सिंह परिहार ने स्वर्गीय जनोटी की जीवनी, संस्मरणों और उनके योगदान पर सविस्तार प्रकाश डाला। जिसके बाद मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित अन्य ने स्व जनौटी के जीवनी एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एडवोकेट विनोद भट्ट, दिग्विजय जनौटी, स्व जनौटी की पत्नी भावना देवी, गोविंद सिंह भण्डारी, किशन सिंह मलड़ा, नरेंद्र खेतवाल, संजय सिंह जगाती, मनोज ओली, राजेश रौतेला, भाष्कर दास आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रवि करायत, नवीन रावल, हरीश जनोटी, सुरेन्द्र जनोटी, गणेश जनोटी, चन्दन सिंह गड़िया, मनीष गड़िया, अखिल जोशी, किशन सिंह राणा, दर्शन सिंह नगरकोटी, कमल परिहार, राजेन्द्र सिंह परिहार, राजकुमार परिहार, हरीश नगरकोटी, गिरीश खेतवाल आदि के अलावा कैप्टन नारायण सिंह जी के प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे दर्जनों युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

### 12 दुकानों के चालान

**काशीपुर।** नगर निगम ने मुख्य बाजार में सफाई व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 12 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर चालानी कार्रवाई कर 7500 रुपये जुर्माना वसूल किया। नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट के नेतृत्व में नगर टीम ने मुख्य बाजार में सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इस दौरान दुकानों के आसपास गंदगी, कचरा फैलाने व नालियों के ऊपर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले करीब 12 प्रतिष्ठानों का चलाना किया गया। इस दौरान टीम ने व्यापारियों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे सार्वजनिक स्थानों, विशेषकर नालियों को, अतिक्रमण मुक्त रखें और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।

## मेयर के आश्वासन पर माने पार्षद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बंदरों के आतंक और नगर आयुक्त की नियुक्ति की मांग को लेकर पार्षदों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर धरना स्थल पर पहुंचे मेयर ने पार्षदों को एक माह के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। तब जाकर पार्षदों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया। दरअसल, नगर की तमाम समस्याओं और नगर निगम में नगर आयुक्त की मांग को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोला हुआ है। बीते बुधवार को डीएम अंशुल सिंह ने पार्षदों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि सीडीओ व नगर आयुक्त रामजी शरण शर्मा प्रतिदिन नगर निगम में



बैठेंगे। आवश्यकीय कार्य होने पर भी वह समयानुसार कामकाज निपटाएंगे। साथ ही बंदरों की समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने को कहा था। वहीं, गुरुवार को पार्षदों के धरना स्थल पर मेयर अजय वर्मा पहुंचे। उन्होंने आंदोलन पर बैठे पार्षदों को एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षदों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया। यहां पार्षद वैभव पांडे, चंचल दुर्गापाल, मधु बिष्ट, तुलसी देवी, अंजू बिष्ट, रीना टम्टा, मुकेश कुमार, भूपेंद्र जोशी, हेम तिवारी, कुलदीप मेर, दीपक कुमार, अनुप भारती, इंतकाम कुरैशी, प्रदीप कुमार, रोहित कार्की, जानकी पांडे, गीता बिष्ट, कमला किरोला, गुंजन चम्याल, इंतिखाब आलम कुरैशी आदि रहे।

# देशसेवा के बाद समाजसेवा की मिसाल बने रमेश गोस्वामी

## युवाओं को निशुल्क फौज में भर्ती होने का प्रशिक्षण दे रही सोल्जर डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकेडमी

मोहन जोशी

**शाह टाइम्स, लालकुआं।** देश सेवा के बाद अब निस्वार्थ रूप से समाज सेवा में जुटे हुए हैं बिंदुखत्ता निवासी पूर्व सैनिक रमेश गोस्वामी। 19 साल फौज में मातृभूमि की सेवा करने के बाद रमेश गोस्वामी अब पिछले 6 बरस से सोल्जर डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी के माध्यम से युवाओं को निशुल्क फौज में भर्ती होने का प्रशिक्षण देने के साथ ही स्पोर्ट्स के माध्यम से नशे से दूर रहकर स्वस्थ रहने की प्रेरणा भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि इन्द्रानगर द्वितीय बिंदुखत्ता निवासी रमेश गोस्वामी ने आर्मी से रिटायर होते हैं अपने गांव में सोल्जर डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी खोली। जिसके



माध्यम से वह स्कूली बच्चों को जूडो कराटे, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, योग प्राणायाम मेडिटेशन आदि के अलावा फौज में भर्ती होने का नि:शुल्क प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। उनके द्वारा प्रशिक्षित 60 से अधिक युवा अब तक फौज में भर्ती होकर देश सेवा कर रहे हैं। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष 15 से 20 बच्चे कबड्डी और दौड़ में स्टेट और नेशनल लेवल में भी सेलेक्ट हो रहे हैं। अकादमी में वर्तमान में करीब 50 से अधिक बच्चे नियमित रूप से भर्ती होने की ट्रेनिंग के अलावा तमाम स्पोर्ट्स के गुर भी सीख रहे हैं।

उन्होंने इंदिरा नगर द्वितीय में अकादमी खोली हुई है। रमेश गोस्वामी बचपन से ही स्वयं भी जूडो कराटे सहित तमाम खेलों से जुड़े रहे। और स्पोर्ट्स के माध्यम से ही फौज में भर्ती हुए। श्री गोस्वामी का मानना है कि वर्तमान समय में बच्चे जहां स्कूल के बाद मोबाइल और नशे की लत की और अग्रसर हो रहे हैं। जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकार में होते जा रहा है। इन विषम परिस्थितियों में बच्चों को मोबाइल और नशे से दूर रखने के लिए स्पोर्ट्स ही एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा अकादमी को खोलने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को गलत दिशा की ओर भटकने से रोकने और नशे से बचाना है। उन्होंने बताया सोल्जर डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकादमी में युवाओं को फौज में भर्ती होकर देश सेवा की प्रेरणा के अलावा नशे सहित अन्य गलत आदतों से दूर रहना, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के साथ अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है। जिसमें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है।

### सुविधाओं की राह देख रही है अकेडमी

सोल्जर डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी अभी भी कई सुविधाओं को लेकर वंचित है। अकादमी के संचालक रमेश गोस्वामी ने बताया है कि उनकी पेंशन से घर खर्च के बाद जो पैसा बच जाता है उसे वह यहां की व्यवस्थाओं में लगा देते हैं। अभी भी यहां पर फेंसिंग जाल, कबड्डी मेट आदि सुविधाओं का अभाव है, जिसके चलते क्रिकेट वॉलीबॉल फुटबॉल आदि गेम में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती द्वारा यहां पर फेंसिंग जाल, कबड्डी मेट सहित 8 सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया गया है। अकादमी का स्टाफ और बच्चे अब इसी उम्मीद में है कि यहां की समस्यायों का कब निवारण होता है।

# शीघ्र पूरा किया जाए चिन्हीकरण

## महानगर के विकास कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) द्वारा हल्द्वानी नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में यूयूएसडीए के कार्यक्रम निदेशक अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और आगामी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि अब तक नगर में 122 किलोमीटर आंतरिक सड़कों पर काम पूरा किया गया है, और अगले सप्ताह मुख्य सड़कों पर पेयजल एवं सीवर लाइन निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिनमें लालडाठ से



हाईडिल गेट तक, मुखानी से पनचक्की तक और पीलीकोठी सड़क शामिल हैं। इस दौरान जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यों के दौरान यातायात में कोई रुकावट न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। रात्रिकाल में कार्य होने पर उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। इसके अलावा, ट्रेंचलेस तकनीक का उपयोग करते हुए कुछ क्षेत्रों में खुदाई का काम बिना सड़क खोले पाइपलाइन डालने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बरेली रोड तीनपानी से नरीमन चौराहा तक और कालुसाई मंदिर से कठघरिया तक किए जा रहे चिह्नीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए। इसके अलावा बिड़ला स्कूल क्षेत्र में जल भराव की समस्या को हल करने के लिए सिंचाई विभाग, नगर निगम और यूयूएसडीए को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को भी आवश्यक क्षेत्रों में पोल और लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य जल्द शुरू करने को कहा गया। बैठक में यूयूएसडीए के कार्यक्रम निदेशक अभिषेक रुहेला, अपर जिलाधिक. ारी विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### सहमति के बिना रजिस्ट्री का आरोप

**अल्मोड़ा।** पूनाकोट में गोल खाते की जमीन पर ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया है। गुरुवार को ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात कर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने पूनाकोट में गोल खाते की भूमि पर ग्रामीणों ने कहा कि अवैध बिक्री, गलत सीमांकन और सह-खातेदारों की सहमति के बिना रजिस्ट्री की गई। ग्रामीणें ने डीएम से राजस्व टीम मौके पर भेजने, विवादित भूमि क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण कराने के साथ ही राजस्व रिकार्ड, रजिस्ट्री दस्तावेजों और गोल खाते की स्थिति का फिर से परीक्षण करने की बात कही है। मामले को लेकर डीएम को ज्ञापन भी सौंपा। यहां विनय किरौला, प्रकाश सिंह पूना, संजय सिंह पूना, शिवराज सिंह पूना, बलवंत सिंह मेहता, गिरीश सिंह पूना, किशन सिंह पूना, राजेंद्र सिंह पूना, सुन्दर सिंह बिष्ट, प्रकाश सिंह बिष्ट, कमल सिंह बिष्ट, मदन सिंह पूना, हर सिंह पूना बलवंत सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

# विजय मेहता बने हल्द्वानी कोतवाल

## कप्ताल ने देर रात किए 6 निरीक्षक 14 उपनिरीक्षक इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार देर रात एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने 6 निरीक्षकों और 14 उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को इस तबादला सूची को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी कार्यालय से देर रात जारी हुई तबादले की सूची के अनुसार वाचक एसएसपी दफ्तर में तैनात निरीक्षक विजय महेता को हल्द्वानी कोतवाल बनाया है। जबकि कोतवाल अमर चन्द्र शर्मा को कोतवाली से हटाकर शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी। शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश कुमार को भीमताल कोतवाली का दायित्व सौंपा है। रामनगर कोतवाल सुशील कुमार को बनभूलपुरा और निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल को प्रभारी डीसीआरबी से हटाकर रामनगर का नया कोतवाल बनाया। वहीं निरीक्षक राजेन्द्र सिंह रावत को प्रभारी सम्मन सैल हटाकर प्रभारी डीसीआरबी बनाया है। इसके साथ ही उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत को पुलिस लाइन नैनीताल से हटाकर उपनिरीक्षक वाचक एसएसपी बनाया गया है। उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र जोशी को थानाध्यक्ष मुखानी से हटाकर एसएसआई मल्लीताल बनाया है। उपनिरीक्षक सुशील चन्द्र जोशी को बनभूलपुरा से हटाकर थानाध्यक्ष मुखानी बनाया है।

उपनिरीक्षक संजीत कुमार राठौर को थानाध्यक्ष भीमताल से हटाकर प्रभारी सम्मन सैल की जिम्मेदारी दी है। उपनिरीक्षक गगनदीप सिंह को प्रभारी चौकी गर्जिया से हटाकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली रामनगर बनाया है। उपनिरीक्षक हर्ष बहादुर पाल को प्रभारी चौकी खैरना से हटाकर प्रभारी चौकी गर्जिया रामनगर बनाया गया है। उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र पन्त को प्रभारी चौकी कैंची से हटाकर प्रभारी चौकी खैरना बनाया है। उपनिरीक्षक सुनील धानिक प्रभारी चौकी पीरूमदारा से हटाकर, प्रभारी चौकी कैंची धाम बनाया है। उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह बिष्ट को थाना तल्लीताल से हटाकर प्रभारी चौकी पीरूमदारा बनाया है। उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता को प्रभारी चौकी मेडिकल हल्द्वानी से हटाकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी बनाया है। उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह राणा को थाना काठगोदाम से हटाकर प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज हल्द्वानी बनाया है। उपनिरीक्षक मो. युनुस को कोतवाली रामनगर से हटाकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली मल्लीताल बनाया है। उपनिरीक्षक दीपक कुमार बिष्ट कोतवाली मल्लीताल से हटाकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली रामनगर बनाया है। उपनिरीक्षक जगवीर सिंह को कोतवाली बनभूलपुरा से हटाकर थाना काठगोदाम भेजा गया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नई जिम्मेदारियों को पूरी तत्परता और ईमानदारी के साथ निभाया जाए तथा जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोग डीएम से मिले, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली रोड तीनपानी से ऊपर सड़क चौड़ीकरण की मांग



को लेकर गुरूवार को स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में दर्जनों क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी ललित मोहन रायल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय पार्षद मनोज जोशी ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि सड़क चौड़ीकरण में केवल एक तरफ दबाव न बनाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि रोजगार में लगे लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही उन्होंने यह सुझाव दिया कि सिंचाई विभाग की भूमि का उपयोग करते हुए सड़क निर्माण किया जाए, क्योंकि इस क्षेत्र के सभी लोग भूमिधरी हैं। पार्षद ने कहा कि क्षेत्रवासियों की रोजी-रोटी को किसी भी हाल में नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। इस संदर्भ में डीएम ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि भूमि मालिकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा, और इस कार्य को बिना किसी समस्या के अंजाम दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पार्षद मनोज जोशी, पार्षद हेमंत शर्मा मोना, धीरेंद्र तिवाड़ी, हिमांशु, संजय पंत, राजेंद्र कुमार शर्मा, अंकित जायसवाल, मिंटू पूरी, बृजभूषण साहू, प्रदीप केसरवानी, मनोज, अंकुर, लीलाधर, मोहन राम, प्रदीप, परमजीत, प्रियांशु, वैभव पंत, वीके गुप्ता, राम लखन आदि मौजूद रहे।

# मेयर ने डीएम से किया पुनः सीमांकन का अनुरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने गुरूवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने डीएम के समक्ष नगर निगम के विभिन्न मुद्दों को उनके समक्ष रखा, जिसमें प्रमुख मुद्दा सड़क चौड़ीकरण और नहर कवरिंग रहा। मेयर गजराज बिष्ट ने निगम के मुख्य मार्ग तीनपानी से नरीमन चौराहा काठगोदाम तक हो रहे चौड़ीकरण कार्य में सड़क के मध्य से दोनों ओर नहर कवरिंग को करते हुए पुनः सीमांकन करने पर विचार करने का अनुरोध किया ताकि आमजन को चिह्नीकरण में राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने पनियाली-कठघरिया से चम्बल पुल होते हुए पंचक्की चौराहा तक हो रहे नहर कवरिंग के कार्य को जल्द पूरा करने की आवश्यकता जताई। डीएम ने कहा कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह से तीव्र गति से कार्य कर इसे जल्द पूरा कर दिया जायेगा। मेयर ने डीएम को बताया कि खनन गतिविधियों से नगर क्षेत्र प्रभावित रहता है, जिसके विकास के लिए खनन न्यास से निगम को सीधे मद प्रदान की जाए ताकि नगर निगम क्षेत्र में विकास के कार्य किए जा सकें। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे लाल निशानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जनता का अनावश्यक अहित किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पूर्व में हुई कार्यवाही पर पुनर्विचार किया जाए और जनता को राहत दी जाए।

### कुसुमखेड़ा, वेलेजली लॉज से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की टीम ने कुसुमखेड़ा और वेलेजली लॉज क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए कई जगहों से सामान जब्त किया। अभियान के दौरान कुसुमखेड़ा में सड़क पर लगाई गई दुकानों का सामान जब्त किया गया, जबकि वेलेजली लॉज में नजूल की भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रोककर निगम ने अपने स्वामित्व का बोर्ड लगाया। नगर निगम की टीम ने गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम को कुसुमखेड़ा में सड़क पर सजाई गई दुकानें मिली। इस पर कार्यवाही करते हुए टीम ने संबंधित दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया। साथ ही चेतावनी दी कि आगे से अतिक्रमण मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इधर वेलेजली लॉज क्षेत्र में नजूल की भूमि पर कब्जे की शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची। यहां निर्माण कार्य करता हुए पाया गया। टीम ने निर्माण सामग्री जब्त कर निगम का बोर्ड लगा दिया ताकि आगे किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके। इस दौरान एसएनए गणेश भट्ट, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, सफाई निरीक्षक चतर सिंह सहित निगम कर्मी मौजूद रहे।

### फरीदाबाद पुलिस ने हल्द्वानी में युवती से की पूछताछ

**हल्द्वानी।** साइबर क्राइम की आशंका के चलते फरीदाबाद पुलिस की एक टीम गुरुवार को हल्द्वानी पहुंची और उन्होंने यहां एक युवती को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस ने करीब एक घंटे तक कोतवाली में युवती से पूछताछ की। जिसके बाद में पुलिस युवती को अपने साथ फरीदाबाद ले गई, जहां उसकी विस्तृत पूछताछ की जाएगी। फिलहाल पुलिस को अभी तक युवती के पास से कोई साक्ष्य नहीं मिले। माना जा रहा कि पूछताछ के बाद युवती को छोड़ दिया जा सकता है। गुरूवार को फरीदाबाद पुलिस मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक घर में पहुंची और युवती से पूछताछ की। जिसके बाद फरीदाबाद पुलिस युवती को लेकर कोतवाली लाई जहां पर पुलिस ने युवती से एक घंटा कड़ी पूछताछ की गई। युवती का कहना था कि उसने हाल ही में एक एप्लीकेशन डाउनलोड करके पांच हजार रुपये का निवेश किया था। इसके बाद उसके खाते में 50 हजार रुपये से अधिक की राशि आ गई, जिसे उसने सामान्य समझा। हालांकि यह खाते से जुड़ा ट्रांजेक्शन पहले से ही फरीदाबाद पुलिस की जांच के दायरे में था। पुलिस ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए युवती के घर पर दबिश दी और उससे पूछताछ की। इस दौरान कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि पुलिस फरीदाबाद से एक मामले की पूछताछ के लिए आई थी, लेकिन उन्हें अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

# 8 से 10 दिसम्बर तक डायवर्ट रहेगा काठगोदाम-दून एक्सप्रेस का रूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन के लिए उत्तर रेलवे के देहरादून यार्ड में लोको पिट साइडिंग कार्य और पुल संख्या-39, 57, 1286 एवं




1263 पर नान-इण्टरलाक कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण इज्जतनगर मंडल की कुछ गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन-शार्ट ओरिजिनेशन किया गया। गुरूवार को इज्जतनगर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के जारी आदेश में कहा शार्ट टर्मिनेशन-शार्ट ओ. रिजिनेशन 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस 9 एवं 10 दिसंबर को काठगोदाम से चलने वाली यह ट्रेन देहरादून के स्थान पर नजीबाबाद में यात्रा समाप्त करेगी। नजीबाबाद से देहरादून के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी। जबकि 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस 9 एवं 10 दिसंबर को देहरादून से चलने वाली यह ट्रेन देहराद. न के स्थान पर नजीबाबाद से चलाई जाएगी। देहरादून से नजीबाबाद के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी। इसके साथ ही 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस 8 से 10 दिसंबर तक काठगोदाम से चलने वाली यह ट्रेन देहरादून के स्थान पर लक्सर में यात्रा समाप्त करेगी। लक्सर से देहरादून के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी। 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस 8 से 10 दिसंबर तक देहरादून से चलने वाली यह ट्रेन देहरादून के स्थान पर लक्सर से चलाई जाएगी। देहरादून से लक्सर के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखें और अपडेट्स के लिए रेलवे की संबंधित विभागों से संपर्क करें।

# बेस में शुरू हुआ 9 बेड का आईसीयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गंभीर मरीजों को अब हायर सेंटर का रुख नहीं करना पड़ेगा, अब बेस अस्पताल में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बने 9 बेड के आईसीयू का संचालन गुरुवार से शुरू हो गया है। इस अत्याधुनिक आईसीयू में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग किया गया है, और यह सुविधा अब कुमाऊं क्षेत्र के गंभीर मरीजों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। यह बात जिलाधिकारी ललित मोहन रायल ने कहीं।



गंभीर मरीजों को अब हायर सेंटर नहीं जाना पड़ेगा

गुरूवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रायल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चन्द्र पंत ने संयुक्त रूप से बेस अस्पताल में बने आईसीयू का रिबन काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ललित मोहन रायल ने कहा यह आईसीयू 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों और अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में काम करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य सरकार का ध्यान विशेष रूप से जनता के कल्याण पर केंद्रित है। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा इस आईसीयू का निर्माण विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यह हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा है। मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि इस आईसीयू में 4 एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर्स और 4 अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा, 3 सर्जन और 3 फिजीशियन रोटेशन के आधार पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा और मरीजों को हायर सेंटर का रुख करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मौके पर बेस अस्पताल के चिकित्सकों सहित मेडिकल स्टाफ और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### गुरु दत्तात्रेय जयंती पर कार्यक्रम

**बागेश्वर।** जूना अखाड़ा में तीन दिवसीय गुरु दत्तात्रेय जयंती महोत्सव श्रद्धा तथा भक्ति के साथ मनाया गया। पुष्कर गिरी महाराज ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दूसरे दिन रामचरितमानस पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुए। गुरुवार सुबह पूजा-अभिषेक कर गुरु दत्तात्रेय की विधिवत आराधना की गई। दोपहर बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर महंत शंकर गिरी महाराज, दीपक जोशी, दीपक गिरी महाराज, मनीष कपकोटी, विवेक तिवारी, पंकज मेहता आदि उपस्थित रहे।

# सुचित्रा को सीएम ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुचित्रा जायसवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रुद्रपुर में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे उनकी समाज सेवा में निरंतर सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। बता दें कि सुचित्रा जायसवाल पिछले कई वर्षों से दिव्यांगों, जरूरतमंदों, वृद्धों, विधवाओं और निराश्रितों के कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, उनकी प्रेरणा से कई लोगों ने मृत्यु के बाद अपनी देहदान की प्रतिज्ञा भी ली है, जो



उनके मानवीय दृष्टिकोण और समाज के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। वे समय-समय पर सामा. जिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का हिस्सा भी बनती हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुचित्रा के समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर, अनेक सामाजिक संगठनों ने भी सुचित्रा जायसवाल को सम्मानित किए जाने पर खुशी जताई।

### विधिविधान से की गई मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वार्ड नंबर 38 में नव निर्मित मंदिर में देव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ढोल नगाड़े के साथ जय घोष करते हुए कलश यात्रा पंडित मनोज शर्मा के सानिध्य में निकाली गई, जिसमें बच्चे, महिलाए व पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मंदिर में शिव परिवार, नंदी महाराज, हनुमान जी आदि मूर्ति स्थापित की गई तथा मंदिर में हवन किया गया व भंडारा कराकर प्रसाद वितरण किया जिसमें मुख्य यजमान मास्टर ध्यान सिंह, सोनू सिंह, राजीव कुमार, अवनीश चौहान, पार्षद अशोक सैनी, संजीव चौहान, विनेश कुमार एड.विजय चौहान, मुकेश चौहान, मंजू चौहान, सुमन देवी, स्नेह लता, दीपा रानी आदि उपस्थित रहे।

# सीमांत पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीमांत सेवा फाउंडेशन द्वारा स्थापित सीमांत पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन गुरूवार को गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजा से हुई, जिसके बाद सुंदरकांड पाठ एवं हवन पूजन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटेला द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन संघ लोक सेवा आयोग के प्रदीप कुमार जोशी द्वारा की गई। कार्यक्रम में शुरूआत शिशु मंदिर लामाचौड़ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ की। इस दौरान मुख्य अतिथि राजकुमार



मटेला ने सेवा भावना की अहमियत पर बल देते हुए कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति अपने निजी हितों से ऊपर उठकर दूसरों के भले के लिए काम करता है, तभी राष्ट्र और समाज की मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे समय, कौशल और संसाधनों के माध्यम से समाज सेवा में योगदान करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी ने सीमांत पॉलीक्लिनिक की स्थापना को क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की कमी को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और इसे समाज के लिए एक बड़ा योगदान करार दिया। इस मौके पर उर्मिला जोशी, हरीश चंद्र जोशी, प्रदीप कुमार जोशी, सुधीर पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर कांडपाल, यशपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रीढ़ की हड्डी में ज्यादा दबाव से पैरालिसिस का खतराः डा. सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग की और से गुरुवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा उपचारित किए गए जटिल एवं चुनौतीपूर्ण मामलों की जानकारी साझा करना तथा मेडिकल विद्यार्थियों को व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना था। अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. गणेश सिंह ने विभाग के किए गए विविध जटिल ऑपरेशनों पर विस्तारपूर्वक प्रस्तुतिकरण दिया। डा. सिंह ने ओपन या कम्पाउंड फ्रैक्चर की गंभीरता बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में टूटी हुई हड्डी त्वचा को फाड़कर बाहर निकल आती है। इस प्रकार के फ्रैक्चर में गंभीर संक्रमण



का जोखिम मांसपेशियों की क्षति, नसों एवं रक्त वाहनियों की चोट, हड्डी का कुछ हिस्सा नष्ट या गायब हो जाने की संभावना जैसी चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती है। ऐसे मामलों में तत्काल उपचार, विशेषज्ञ सर्जरी और संक्रमण नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण होते है। रीढ़ (स्पाइन) के जटिल मामलों पर चर्चा करते हुए कहा कि रीढ़ की नसों पर अत्यधिक दबाव पड़ने की स्थिति में रोगी को पैरालिसिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में समय पर निदान, उन्नत इमेजिंग तथा विशेषज्ञ सर्जरी अत्यंत आवश्यक होती है। डा. सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अनेक जटिल ऑपरेशन सुशीला तिवारी चिकित्सालय में सफलतापूर्वक किए गए है। इन केसों के अध्ययन एवं प्रस्तुतिकरण से मेडिकल छात्रों को सीखने का उत्कृष्ट अवसर मिलता है, जिससे उनकी नैदानिक क्षमता एवं व्यवहा. रिक अनुभव में वृद्धि होती है। इस अवसर पर अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पंकज सिंह, डा. उमेश, डा. हरिशंकर पांडे, डा. ऊषा जोशी, डा. प्रभात पंत, डा. अजय, डा. राहुल सहित पीजी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शिकायतों का त्वरित करें समाधान

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने के अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिये। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम अंशुल ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन जन समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम है। इसलिए किसी भी शिकायत में लापरवाही या विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। डीएम ने विभागवार लंबित शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में कार्रवाई लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। निर्देश दिए गए कि शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण फीडबैक प्राप्त किया जाए।

# 'रोशनी' की छांव तले 'सितारे ज़मीन पर'

## मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित हुआ वाकेथान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रौशनी सोसाइटी हल्द्वानी ने मानसिक दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और पुनर्वास के लिए अपने प्रयासों को लगातार सशक्त किया है। इसी कड़ी में गुरुवार को 'संचार साहस का' शीर्षक से मान. सिक दिव्यांग बच्चों का सातवां वार्षिक वाकेथान (पैदल मार्च) आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोग शामिल हुए, जिनमें मानसिक दिव्यांग बच्चे, उनके पेरेंट्स, एजुकेटर्स, और प्रैक्टिशनर शामिल थे। वाकेथान में सेवालय संस्था के मूक-बधिर बच्चों ने भी भाग लिया, और जेडीएम स्कूल दमुआढूंगा के बच्चों ने समावेशी समाज का हिस्सा बनते हुए इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा एमबीपीजी कालेज




से एनएसएस के विद्यार्थियों ने बच्चों को सहारा प्रदान किया, ताकि वे वाकेथान की पूरी दूरी तय कर सकें। इस वाकेथान की शुरुआत सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्या ने की। वाकेथान का आयोजन रोशनी सोसाइटी के पुनर्वास केंद्र सुभाष नगर से प्रारंभ होकर तिकोनिया चौराहा तक गया और फिर वही रास्ता वापसी में तय किया गया। इस अवसर पर रोशनी सोसाइटी की अध्यक्ष शिवानी पाल ने विशेष बच्चों के अधिकारों और उनकी समाज में समावेशिता पर बल दिया। उपाध्यक्ष हेमा परगाईं ने कहा हम हमेशा बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहेंगे। इस मौके पर कैलाश जोशी, ममता धामी, कृष्ण चंद्र जोशी, प्रकाश जोशी थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग दंपति की मौत

**■ ग्रीफ में कार्यरत रामदत्त 15 दिन की छुट्टी पर आए थे अपने घर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ट्रेन की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह बुजुर्ग दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह लगभग आठ बजे की है जब हाल निवासी खटीमा शिव कालोनी तथा मूलनिवासी बगड़ी हाट, तहसील डीडीहाट जिला पिथौरागढ़ राम दत्त अपनी पत्नी नंदा देवी के साथ अपने घर से कृषि उत्पादन मंडी समिति के पीछे रेलवे लाइन पार करके संतना रिश्तेदारी में जा रहे थे तभी अचानक पीलीभीत से टनकपुर को जा रही ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दोनों पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर खटीमा कोतवाली पुलिस द्वारा शवों को कब्जे में लेकर उपजिला चिकित्सालय खटीमा में भेजा गया। जहां पर शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई।

मृतक रामदत्त के भतीजे किशोर जोशी द्वारा बताया गया कि उनके चाचा रामदत्त उम्र लगभग 58 वर्ष वर्तमान में ग्रीफ में जम्मू कश्मीर में कार्यरत थे तथा 15 दिन की छुट्टी पर घर आए हुए थे और लगभग 5-6 दिन बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह के समय वह अपनी धर्मपत्नी नंदा देवी उम्र लगभग 53 वर्ष के साथ अपनी रिश्तेदारी में अपने घर शिव कालोनी खटीमा से संतना जा रहे थे कि मंडी समिति खटीमा के पीछे पीलीभीत से टनकपुर जा रही ट्रेन के अचानक दोनो पत्नी पत्नी चपेट में आ गए। जिससे दोनो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं खटीमा कोतवाली पुलिस द्वारा दोनो शवों को कब्जे में ले उपजिला चिकित्सालय लाया गया है जहां पर उनका पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

मृतक दंपत्ति का एक बेटा प्रकाश चंद्र जोशी उम्र लगभग 35 वर्ष है। वहीं दोनों मृतक अपने पीछे नाती पोते सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। वहीं उक्त दुखद दुर्घटना के उपरांत मृतक रामदत्त के घर में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल उक्त घटना के उपरांत मृतकों के शिव कालोनी क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# हाथी की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा रेंज के नर्सरी प्लॉट क्षेत्र में एक बार फिर हाथी दिखाई देने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी नर्सरी क्षेत्र के पास स्थित चार से पांच घरों के आसपास बार-बार पहुंच रहा है।जिसके चलते वहां रहने वाले परिवार लगातार डर के साए में जी रहे हैं।

कुकरेटा के आसपास आबादी वाले क्षेत्रों में हाथी और तेंदुए के लगातार दिखाई देने की घटनाएँ स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता का एक विषय बन गई हैं। वन्य जीवों की बढ़ती आवाजाही से मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका गहराती जा रही है। वन विभाग सक्रिय, सुरक्षा खाई और सौर ऊर्जा बाड़ को लेकर कार्रवाई प्रगति पर बन्नाखेड़ा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी नवल किशोर कपिल ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर सौर ऊर्जा बाड़ और हाथी सुरक्षा खाई बनाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और वन्य जीवों को भी उनके प्राकृतिक वन क्षेत्र में सुरक्षित रखा जा सके।

## एक नजर

# पुलिस ने उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश सीमा दोराहा पर संघन चेकिंग अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशों पर दोराहा चौकी और बाजपुर कोतवाली की पुलिस ने गुरुवार को उत्तराखंड उत्तर प्रदेश सीमा दोराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने आवागमन कर रहे लोगों के वाहनों की चेकिंग की और लोगों को यातायात नियमों के प्रति संवे. दनशीलता बरतने की अपील की।

पुलिस का कहना है कि एसएसपी डॉक्टर मणिकांत मिश्रा के आदेश के अनुसार जनपद में लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। और इस अभियान में वाहनों की चेकिंग की जा रही है। तथा लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक कर संवेदनशीलता बरतने की बात कही गई। यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।वही पुलिस के इस सघन वाहन चेकिंग अभियान के चलते वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर दोराहा चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी,एसएसआई जसविंदर सिंह सही तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गुरबाणी शब्द कीर्तन सुन संगत हुई निहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में चल रहे सात दिवसीय सालाना गुरु मान्यो ग्रंथ समागम के चौथे दिन का कार्यक्रम गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य दिवान में गुरुद्वारा शीशगंज साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी हरनाम सिंह ने पवित्र कथा-कीर्तन द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब जी की महान शहादत का हृदयस्पर्शी वर्णन करते हुए अमृत पान की महत्ता को संगत के समक्ष विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर की शहादत मानवता, धर्म और नैतिक मूल्यों की रक्षा का विश्व इतिहास में अनुपम उदाहरण है।

समागम में रागी भाई हरजीत सिंह, कथावाचक भाई सुरजीत सिंह, कविशर जत्था भाई जोगा सिंह खालसा, कथावाचक भाई त्रिलोक सिंह यूके, महान पंथ प्रचारक बाबा अमरजीत सिंह गालिब खुर्द वाले ने अपने अमृतमयी शब्दों और गुरु परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालकर संगत को निहाल किया।समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने दिल्ली बांग्ला साहिब से पधारे ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा का कृपाण व अंग-वस्त्र और सिरोपा देकर विशेष रूप से सम्मान किया। संगत द्वारा चौथे दिन के इस पवित्र समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर गुरबाणी शब्द कीर्तन का आनंद प्राप्त किया। समागम में भाई अनमोल सिंह, बलदेव सिंह, किशन सिंह ज्ञान सिंह, बलवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरसेवक सिंह, गुरपिंदर सिंह आदि थे।

# खटीमा साल बोझी एक में सिटी पार्क बनाने की कवायद शुरू

**■ डीएफओ हिमांशु बांगड़ी तथा पालि. का अध्यक्ष रमेश जोशी ने किया स्थलीय निरीक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** साल बोझी नंबर एक में वन विभाग की जमीन पर सिटी पार्क बनाने को लेकर के कवायद शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के दिशानिर्देश पर गुरुवार को डीएफओ हिमांशु बांगडी एवं नगर पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने साल बोझी नंबर एक की खाली पड़ी वन विभाग की भूमि पर सिटी पार्क निर्माण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल सिटी पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। नगर पालिका एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास से पीलीभीत रोड साल बोझी वनविभाग की खाली पड़ी भूमि में स्वच्छ खटीमा, सुंदर खटीमा तथा स्वस्थ खटीमा की तर्ज पर सिटी पार्क में ओपन जिम, रनिंग ट्रैक, एडवेंचर्स क्रीड़ा स्थल, योग सेंटर एवं बच्चों के लिए पार्क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन माह के भीतर पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। खटीमा के विकास के लिए पार्क का निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं डीएफओ हिमांशु बांगडी ने सिटी पार्क के जल्द से जल्द निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने अपने स्तर पर पार्क निर्माण की औपचारिकताएं अति शीघ्र पूरा करें। डीएफओ बांगड़ी ने कहा कि खटीमा शहर में मार्केट के नजदीक लगभग 15-16 हेक्टेयर वन विभाग की जमीन पर पार्क का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि फरवरी से पहले फेस वन का कार्य पूर्ण करने का टारगेट है। वहीं फेस टू का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कर पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने के पश्चात पब्लिक के लिए इस पार्क को ओपन कर दिया जाएगा। इस अवसर पर बीज. ेपी पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, खटीमा वन रेंज अधिकारी महेश चंद्र जोशी, वन दरोगा डोली डोभाल, सचिन रस्तोगी, शुभम पटवा, रंजन अग्रवाल तथा करन यादव आदि उपस्थित रहे।

# जगतपुरा में कच्ची शराब की रोकथाम को जुटे नागरिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 'रुद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' कार्यक्रम के तहत जगतपुरा वार्ड 39 में मुख्य अतिथि समाजसेवी पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा तथा युवा समा. जसेवी अरूण अरोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई पहली बैठक में कच्ची शराब की समस्या की गंभीरता पर वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने अपने विचार रखे तथा रुद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स की बूथ कमेटी गठित की गई।

बैठक को सबोंधित करते हुए समाजसेवी लखविन्दर सिंह बेदी ने कहा कि जगतपुरा के निचले इलाके में कच्ची शराब का कारोबार संचा. लित होता है, जिससे क्षेत्र में इसकी चपेट में युवा आ रहें है। इसका निदान जरूरी है। पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा ने कहा कि आज पुलिस प्रशासन को सख्ती दिखाते हुए कच्ची शराब के कारोबारियों पर रोक लगाने की जरूरत है। समाजस. ेवी एवं निराश्रित श्वानों की सेवा सुश्रुसा में समर्पित युवा समाजसेवी अरूण अरोरा ने कहा कि पूरे जगतपुरा के युवाओं व वरिष्ठजनों को क्षेत्र में नशे को जड़ से उखाड़नं का संकल्प लेकर अलख जगा रहे समाजसेवी सुशील गाबा के 'रुद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान से जोड़ा जाएगा, तभी हम नशे को काबू में कर सकेंगें। रुद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान का समर्थन करते हुए जतिन अग्रवाल ने कहा कि अब हम कच्ची शराब तथा नशे के व्यापारियों को अपनी नस्लें बर्बाद करता नहीं देख सकते। अब हम सबको सुशील गाबा के 'रुद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान से जुड़ना चाहिए, क्योंकि अब चुप रहनें का वक्त नहीं है। बैठक का संचालन नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद ने किया।

इस दौरान आकाश आहूजा, सुरेन्द्र शर्मा, हैप्पी रंधावा, नेहा सामंत, सुमित बजाज, जसवन्त बेदी, अशोक कालड़ा, राहुल कालड़ा, विपुल पुंशी, ध्रुव ठाकुर, अमित शर्मा, करनदीप, त्रिलोक सिंह, कुलदीप सिंह, गीता, देवव्रत सरकार, मुख्तियार सिंह, बरार जी, गुरजीत सिंह, समनाम, योगेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# रैनबसेरा में अव्यवस्था बिफरे मेयर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गत देर रात रैन बसेरा, सुलभ शौचालय और अलाव का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मेयर विकास शर्मा ने अव्यवस्था पर नाराजगी दिखाते हुए कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने खामियां मिलने पर सुलभ शौचालयों में साफ-सफाई और रैन बसेरा में सेवाओं को सुधारने के निर्देश दिए।

मेयर ने निरीक्षण में रैन बसेरा की व्यवस्थाओं, बिस्तरों, प्रकाश व्यवस्था, पानी और सुरक्षा इंतजामों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में रैन बसेरा पहु. चने वालों को किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

# कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली को ऐतिहासिक बनाने की व्यापक तैयारी

**■ 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी रैली**
**■ किसान प्रकोष्ठ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने की रैली को सफल बनाने की अपील**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले कांग्रेस की रैली को सफल बनाने हेतु कांग्रेस के कार्यकर्ता व्यापक रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व उधम सिंह नगर के कार्यक्रम प्रभारी हरेंद्र सिंह लाडी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा तथा विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी की उपस्थिति में रैली को सफल बनाने हेतु तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि 14 दिसंबर को होने वाली ऐतिहा. सिक रैली में खटीमा से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर रैली को सफल बनाएंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आम जनता को दी गई संविधान की सबसे बड़ी ताकत वोट के अधिकार को ईवीएम, वोटर लिस्ट तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के चुनने के तरीके आदि से खत्म करने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के चुनाव की प्रक्रिया को सरकार ने पूरी तरह से अपने पक्ष में कर लिया है जिससे पूरे देश में वोट चोरी के लगातार मामले देखने को मिल रहे हैं। जनता वोट देकर सरकार चुनना चाह रही है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा उसे प्रभावित किया जा रहा है। इसलिए वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ दिल्ली में कांग्रेस की ऐतिहासिक रैली आयोजित की गई है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंच कर रैली को सफल बनाएंगे। इस मौके पर पीसीसी सदस्य जसविंदर सिंह बाजवा, बॉबी राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस नरेंद्र आर्य, महिला जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, देवेंद्र कन्याल, लक्ष्मी देवी, नासिर खान, राजू सोनकर, विजय शंकर यादव, उम्मीद बिष्ट, लतीफ, गौर सिंह, सुरेश बोरा, सुखविंदर, गुलफाम रजा, सागर शाही, बीना राणा, शांति सामंत, पुष्पांजलि, नीरज कन्याल, विद्या, शमीम अख्तर, दीपक मुंडेला, विकास राणा तथा लक्ष्मण राणा आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार नितेश जोशी की माता के निधन पर शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर के पत्रकार नितेश जोशी की 70 वर्षीय माता श्यामा जोशी का निधन हो गया। दिवंगत अपने पीछे हंसता खेलता परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर नगर के सभी पत्रकारों ने दुख व्यक्त किया है। दिवंगता के निधन पर विनोद पपने, हरीश भट्ट, डॉ जफर सैफी, चंचल गोला, गिरीश पांडे, गणेश रावत, नाजिम सलमान, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, अजीत गोस्वामी, राजीव अग्रवाल, बंटी अरोड़ा, नदीम वारसी, रोहित गोस्वामी, सलीम मलिक, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, दानिश खान, रागिब खान, नदीम कुरैशी, चंद्रसेन कश्यप अमित बेलवाल, नवीन पोखरियाल, विक्की कश्यप, चंद्रशेखर जोशी, गगन कुमार, आसिफ इकबाल, रूबीना सैफी, नसीम राजा, विमला अधिकारी, फरीद कुरैशी, मो उस्मान, कैफ खान, नावेद सैफी आदि पत्रकारो ने शोक व्यक्त करते हुये दिवंगत की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

# कृषि भूमि पर व्यवसायिक कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।

गुरुवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम सभा लालूपुर बासीटीला में बाहरी राज्य के एक व्यक्ति द्वारा दस बीधा कृषि भूमि क्रय की गई। कृषि कार्य के लिए किया गया था। उस भूमि पर वर्तमान में होटल का कार्य निर्माणाधीन है, जबकि यह नियम के विरुद्ध है उक्त व्यक्ति द्वारा कृषि भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। उक्त भूमाफिया द्वारा पूर्व में क्षेत्र के अन्य गांवों में समय-समय पर गति. विधियां की गई हैं, यह बाहरी राज्य के भूमाफिया सीधे-साधे व गरीब किसानों से औने पौने दामों में कृषि भूमि को खरीद लेते हैं या फिर अन्य तरह का लालच देते हैं फिर उक्त कृषि भूमि पर होटल और रिसोर्ट बना लेते हैं।

ग्राम सभा लालूपुर बासीटीला जो कि कार्बेट पार्क की सीमा से लगा गांव होने की बजह से इको सेंसेटिव जोन में आता है, इस कारण इन ग्राम सभाओं में वर्ष 2013 से पूर्ण तरह से प्रतिबंधित है और उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाए गए भू कानून के नियम का उल्लंघन हो रहा है और इन बाहरी राज्यों के भूमाफियाओं द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही। ग्रामीणों ने इस दस भीगा भूमि पर चल रहे व्यवसायिक कार्य को तुरंत रोका जाए और निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान शिवराज सिंह, हीरा राणा, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# काशीपुर बाईपास की चौड़ाई कम करने को महापौर ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्टूपुर आगमन के अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने शहर के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष उठाया और उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। इस दौरान महापौर में काशीपुर बाईपास चौडीकरण, सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की आर्थिक सहायता, अग्निकांड पीडितों के मुआवजे और वरिष्ठ पत्रकार के उपचार के लिए मुआवजे की मांग सहित अन्य जनहित के मामलों पर मुख्यमंत्री को लापन सौंपा।

महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री से काशीपुर बाईपास सड़क के चौड़ीकरण की योजना पर चर्चा की। महापौर ने बताया कि यह मार्ग बगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महायोजना 2031 में इस मार्ग की चौडाई 45 मीटर (लगभग 148 फीट) अंकित की गई थी। राजस्व और अन्य अभिलेखों के परीक्षण के पश्चात यह पाया गया कि मार्ग की चौडाई में समरूपता नहीं है। महापौर ने कहा कि शहर के दोनों ओर हाईवे के माध्यम से पहले ही 4-लेब सड़क एवं बाईपास का निर्माण हो चुका है। ऐसे में मार्ग को 45 मीटर चौड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने मुख्यमत्री से निवेदन किया कि काशीपुर बाईपास की चौड़ाई को महायोजना 2041 में संशोधित कर 120 फीट (दोनों तरफ 60-60 फीट) किया जाए, जिससे राजस्व और महायोजना के अभिलेखों में समरूपता बनी रहे और बगर का नियोजित विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने इस मामले में सबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वा. सन दिया।

इसके अलावा महापौर में नगर निगम क्षेत्र के 18 वर्षीय बालक अभिनव चुघ के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी की, जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

महापौर ने कहा कि अभिनव इकलौती संतान थी उसके परिजन आर्थिक रूप से कमजोर है और उन्हें दो लाख रुपये की सहायता दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त महापौर में फूलसुगा वार्ड संख्या एक के मुज्जा चौराहा पर 20 अक्टूबर को हुए अग्निकांड में हुए नुकसान के लिए पीडित गुप्ता जबरन स्टीर के स्वामी को मुआवजा प्रदान करने की मांग की। इस अग्निकांड में अनुमानित नुकसान लगभग 9 आख रुपये का था। महापौर में वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत के उपचार हेतु मुआवजे की भी जाग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।।

# बुलडोजर चलाने की कार्रवाई का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीश कुमार ने कहा है वन ग्राम पूछड़ी में वन प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के घर तोड़े जाने की कार्रवाई पूर्णतया गैरकानूनी है और वन अधिकार कानून 2006 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2024 में वन ग्राम नई बस्ती पूछड़ी में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के निर्देशन में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति का गठन किया जा चुका है। जिसके तहत पूछड़ी को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की कानूनी प्रक्रिया गतिमान है।

वन अधिकार कानून की धारा 4(5 ) में स्पष्ट उल्लेख है कि वन अधिकार कानून की प्रक्रिया पूरी किए बगैर किसी भी व्यक्ति को बेदखल नहीं किया जाएगा लेकिन रामनगर प्रशासन और तराई पश्चिमी वन प्रभाग इस कानून का उल्लंघन कर गैर कानूनी तरीके से ग्रामीणों के घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई कर रहा है जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए।

# प्रोफेशनल्स के लिए सैनडिस्क ने लॉन्च की नई एसएसडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सैनडिस्क ने भारत में डब्लूडी ब्लू एसएन 5100 एनवीएमई एसएसडी पेश की है। क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह एसएसडी परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है। इसे एआई वर्कफ्लो में तेजी लाने, भारी प्रोडक्टिविटी टास्क संभालने और 4के एवं 8के वीडियो एडिटिंग को स्ट्रीमलाईन करने के लिए बनाया गया है। यह पिछली जनरेशन के मुकाबले 30 प्रतिशत तक बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है। इसमें सैनडिस्क बीआईसीएस8 क्यूएलसी 3डी सीबीए एनएएनडी के साथ सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है। यह एसएसडी 7,100 एमबी/से.1 (1टीबी-2टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड प्रदान करती है। यह 500जीबी से 4 टीबी2 तक की स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है। यह एसएसडी लार्ज-फाईल ट्रांसफर ज्यादा तेजी से करती है, हैवी एप्लीकेशंस के लिए बेहतर रिस्पॉन्सिवनेस प्रदान करती है, और आज के गहन डेटा आधारित वर्कलोड के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस सुनिश्चित करती है। डब्लूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई के मुख्य फीचर्स हैं: 7,100एमबी/से. (1टीबीख्र2टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड के साथ पीसीएलई जेन 4.0 परफॉर्मेंस, जो पिछली जनरेशन के मुकाबले 30 फीसदी तक ज्यादा तेज गति प्रदान करती है।

# चुनावी रंजिश में जानलेवा हमला करने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की प्रधान हज्जन नरगिस के ससुर व प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के पिता पर जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामला चार महीने पहले सितंबर माह का है। कोतवाली पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी निवासी हाजी शकील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि ग्राम शक्तिनगर में जैद व अरमान दो सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी से कुछ दिन पहले बिना नम्बर के ट्रैक्टर में डीजे लगाकर मौहल्ले में दिन-रात घूम रहे थे और लोगों को परेशान कर रहे थे। प्रधान प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने इस मामले में पुलिस प्रशासन से की थी। उन्होंने बताया कि ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में ईद मिलादुन्नवी मुस्लिम त्यौहार को लेकर सजावट होनी शुरू हो गयी थी। इस कारण उनके पिता अब्दुल कदीर ने जैद व अरमान को अपने घर के सामने रोक कर कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी की सजावट शुरू हो गयी है, इसलिए टैक्ट्रर यहां मत घुमाओ। इतना सुनकर दोनो आरोपियों उनके पिता अब्दुल कदीर से बहस और गाली गलौज करने लगें। इसी बीच नाजिश मौके पर आ गया और जैद से इशारा से कहने लगा कि इस के ऊपर टैक्ट्रर चढ़ा दो। यह सुनकर जैद ने जान से मारने की नीयत से उनके पिता अब्दुल कदीर के ऊपर टैक्ट्रर चढ़ा दिया, जिससे उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर भीड़ के इकट्ठा होने के कारण आरोपियों द्वारा उनके पिता और परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गये थे। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि आरोपों और उनके भाई उनसे चुनावी रंजिश रखते हैं। बीते पंचायत चुनाव में उनकी पत्नी हज्जन नरगिस ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की थी और विपक्षी चुनाव हार गए थे। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र का निवासी नाजिश को रामनगर के शिलालपुर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी।

# भाजपाइयों ने फूंका तेलंगाना के मुख्यमंत्री का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी द्वारा हिंदू आस्था और देवी देवताओं के प्रति की गई आपत्तिजनक और अपमान. जनक टिप्पणी में पूरे देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। यह बयान न सिर्फ संवे. दनशील है बल्कि समाज में वेमनसय फैलाने वाला भी है। इसी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पिथौरागढ़ के कार्यकर्ताओं ने पिथौरागढ़ के ऐतिहासिक सिलथाम चौराहे में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी के विरोध में पुतला दहन किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री इंदर सिंह लुठीं द्वारा इस पूरे घटनाक्रम का पुरजोर विरोध किया गया और उनके द्वारा कहा गया कि ऐसी घटना भारतीय जनता पार्टी द्वारा सही नहीं जाएगी व पूरी भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा इस पूरी घटना की निंदा और विरोध करता है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पिथौरागढ़ के जिला महामंत्री इंदर सिंह लुंठी, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोरलेख, नगर अध्यक्ष विप्लव शाह,सूरज गिरी, अक्षय शाह, दीपक लोहिया, शौर्य चुफाल समेत भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुकानें आवंटित कराने को लेकर मण्डी समिति में धरने पर बैठे पूर्व विधायक ठुकराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रामपुर रोड पर नवनिर्मित अनाज मंडी में आढ़तियों को दुकानें आवंटित नहीं किये जाने के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गुरूवार को मण्डी समिति परिसर में समर्थकों के साथ धरना देकर विरोध प्रकट किया।

धरना स्थल पर विधायक ठुकराल ने कहा कि अपने विधायक काल के दौरान उन्होंने आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि का हस्तांतरण कराकर गल्ला व्यवसायियों की मांग पर चार वर्ष पूर्व इस विशाल अनाज मंडी का निर्माण कराया था। यह मंडी उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हजारों किसानों के हित में बनाई गई थी, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर और सुव्यवस्थित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक आढ़तियों को दुकानों के ब्लॉक आवंटित नहीं किए जा सके, जिसके चलते पूरी मंडी खंडहरनुमा हालत में पहुंच गई है। पूर्व विधायक ने बताया कि मंडी परिसर में जगह-जगह बेतरतीब घास उग आई है और यह क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। आए दिन चोरी-छिपे घटनाएँ हो रही हैं। दुकानों के शटर जंग खा चुके हैं और निर्माण कार्य शुरू होते ही खराब गुणवत्ता के कारण जगह-जगह टूट-फूट के निशान दिखाई दे रहे हैं। ठुकराल ने बताया कि मण्डी परिषद 62 दुकानें मंडी समिति को हस्तांतरित कर चुका है लेकिन इसके बावजूद मण्डी समिति दुकानों का आवंटन नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि सभी गल्ला व्यवसायियों और आढ़तियों को बिना किसी सुविधा शुल्क के, पूर्ण पारदर्शिता के साथ दुकानों का आवंटन किया जाए।



मण्डी समिति के सचिव विश्व विजय सिंह देव ने ठुकराल से वार्ता की। उन्होंने बताया कि जो दुकानें मण्डी समिति को आवंटित की गई हैं वह पूरी नहीं बनी हैं, उनमें अभी काम होना है।

काम पूरा होते ही दुकानें आवंटित कर दी जाएंगी। मण्डी सचिव के आश्वासन के बाद ठुकराल ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान ठुकराल के साथ लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, भुवन गुप्ता, राकेश सिंह, विक्रमजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, हीरा सिंह, राजवीर सिंह विर्क, सद्दाम पाशा, सुरेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, जयप्रकाश सक्सेना, सत्ता कोली, गोविंद साहनी, कमल देव सोनकर आदि भी शामिल रहे।

## एक नजर

### जनजाति प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रेम सिंह राना का राय सिख समाज ने किया सम्मान

**टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** राय सिक्ख समाज के लोगों ने भाजपा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रेम सिंह राना का जोरदार स्वागत व सम्मान किया ,इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा की लम्बे समय से राय सिक्ख समाज की चली आ रही राय सिक्ख भवन की मांग को पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना के अथक प्रयास से सरकार की मंजूरी मिली है,जिसका समाज के लोग सरकार आभार व्यक्त करते हैं।



गुरुवार को राय सिक्ख समाज के लोगों द्वारा भाजपा के जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना का सरकार से राय सिक्ख भवन पर मंजरी दिलाने पर जोरदार स्वागत किया गया तथा सरकार का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. राना ने कहा वे क्षेत्र व समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे । बता दे कि बीते दिवस नानकमत्ता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंच के माध्यम से पूर्व विधायक द्वारा रखी गयी नानकमत्ता साहिब के लिये कई मांगो पर घोषणाओं में एक घोषणा राय सिक्ख भवन के निर्माण कराने को लेकर की थी,जिसको लेकर राय सिक्ख समाज खासा खुस नजर आ रहा है। इस अवसर पर प्रधान पति गुरमीत सिंह, गुरनाम सिंह, लाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, गुरदेव सिंह, जसवंत सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

### बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई विजिलेंस टीम ने तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विजिलेंस टीम ने गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने तीन व्यक्तियों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए मौके पर रंगे हाथों पकड़ लिया।

टीम द्वारा की गई कार्यवाही में घसियारा मंडी निवासी पंकज पुत्र मिश्रीलाल, वेद राम पुत्र परशुराम, रामदेव कश्यप पुत्र मनीराम संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताया गया कि पकड़े गए लोगों द्वारा कटिया डाल कर अवैध ढंग से बिजली का उपयोग किया जा रहा था, जिसकी शिकायत विभाग को पहले से प्राप्त हो रही थी। छापेमारी टीम में विभागीय अधिकारी, विजिलेंस निरीक्षक पुनीत कुमार, एसडीओ मयंक भट्ट, जेई नरेंद्र श्रीवास्तव, लाइनमैन विजय मंडल एवं तकनीकी कर्मचारी शामिल थे। टीम ने आसपास के क्षेत्र में भी निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को साफ चेतावनी दी कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विजिलेंस विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे बिजली चोरी जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल न हों तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें। एसडीओ मयंक भट्ट ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### परिवहन विभाग ने छात्राओं को दी सड़क सुरक्षा की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** परिवहन विभाग टनकपुर द्वारा पीएम श्री अटल उत्कर्ष गर्ल्स इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज बगोरिया ने की। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई।



एआरटीओ ने छात्राओं को यातायात चिन्हों की पहचान, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, बिना लाइसेंस वाहन चलाने के दण्ड, नेक राह वीर योजना तथा हिट एंड रन पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजा प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का उद्देश्य सिर्फ नियम पालन नहीं, बल्कि हादसों को रोकने के लिए जिम्मेदार नागरिक बनना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने यातायात से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान एआरटीओ द्वारा किया गया। अभियान में एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज बगोरिया, टीएसआई आनंद सिंह बिष्ट, टीसी सोनिया नेगी, निशा जोशी, नीरज कुमार शामिल रहे।

# जिला पत्रकार स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**वन्यजीव गतिविधियां, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति एवं साइबर अपराध मुख्य मुद्दे उठे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला पत्रकार स्थायी समिति की बैठक आज जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ जिला सूचना अधिकारी संतोष चंद द्वारा स्वागत वक्तव्य एवं पत्रकार सदस्यों के परिचय के साथ हुआ। उन्होंने समिति के समक्ष शासनाद. ेशों से संबंधित अद्यतन जानकारी भी प्रस्तुत की।

जिला सूचना अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद में पत्रकार उत्पीड़न से जुड़ा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। इस पर उपस्थित पत्रकारों ने भी सहमति जताते हुए कहा कि समाचार संकलन और रिपोर्टिंग कार्यों के दौरान उन्हें प्रशासन का पूर्ण सहयोग, पारदर्शिता तथा सुचारू कार्यप्रणाली प्राप्त हो रही है। बैठक में पत्रकारों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भालू एवं बंदरों की बढ़ती गतिविधियों से उत्पन्न समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।



उन्होंने कहा कि इनकी बढ़ती उपस्थिति से आमजन में भय व्याप्त है तथा प्रभावी नियंत्रण एवं सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

तेज गति से बाइक चलाने वाले युवाओं की वजह से बढ़ रही दुर्घटना संभावनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। पत्रकारों ने सुझाव दिया कि यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं कठोर निगरानी के साथ लागू किया जाए। पत्रकारों ने नई पीढ़ी में मोबा. इल फोन की लत, खेलकूद में कमी, तथा बच्चों और युवाओं पर पड़ रहे दुष्प्रभावों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने चरस, स्मैक जैसे नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव और युवाओं की साइबर अपराधों में बढ़ती संलिप्तता को गंभीर चुनौती बताते हुए रोकथाम, सतर्कता और जनजागरूकता बढ़ाने के सुझाव दिए।

बैठक में जनपद से जुड़े अन्य विकासात्मक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पत्रकारों ने विशेष रूप से मत्स्य विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण बताया। जिलाधिकारी ने पत्रकार सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों पर प्रशासनिक स्तर पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश तत्काल प्रभाव से जारी किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मीडिया से प्राप्त फीडबैक शासन-प्रशासन के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, इसलिए उठाए गए प्रत्येक मुद्दे के समाधान हेतु पारदर्शी, उत्तरदायी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, साप्ताहिक पर्वत पीयूष के संपादक नंदन सिंह कोश्यारी, न्यूज 18 के वरिष्ठ संवाददाता विजयवर्धन उप्रेती, गढ़वाल की माटी के संवाददाता जुगल किशोर पांडे, तथा राष्ट्रीय सहारा के संवाददाता कुंडल चौहान उपस्थित रहे।

# टनकपुर में आधुनिक सुरक्षा ढांचे की बड़ी पहल

**आईसीएमसी स्थापना को लेकर अधिकारियों का विस्तृत संयुक्त निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में यात्रियों की सुरक्षा, सुचारू आवा. जाही और भीड़ नियंत्रण को और अधिक व्यवस्थित करने के उद्देश्य से प्रस्तावित इंटीग्रेटेड क्राउड मैनेजमेंट सेंटर की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय देहरादून तथा पुलिस अधीक्षक चम्पावत के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा एवं कोतवाल चेतन रावत टनकपुर ने ईजीआईएस कम्पनी के प्रबंधक और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थल का विस्तृत संयुक्त निरीक्षण किया।



निरीक्षण टीम ने पाया कि चिन्हित स्थल पर इस समय आईएसबीटी का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। ऐसे में आईसीएमसी के लिए स्थान की उपयुक्तता, तकनीकी आवश्यकताओं, सुरक्षा तैयारियों और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र का बिंदुवार परीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी टनकपुर ने निर्देशित किया कि आगामी समय में आईसीएमसी को भीड़ प्रबंधन से लेकर CCTV निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया, यात्री सुरक्षा, वाहन संचालन नियंत्रण और डेटाख्रनेटवर्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र शारदा कॉरिडोर में बढ़ते यातायात और तीर्थ-पर्यटन गतिविधियों के मद्देनजर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन ISBT और प्रस्तावित आईसीएमसी के बीच प्रभावी तालमेल सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे दोनों व्यवस्थाएं एक-दूसरे के पूरक बनकर क्षेत्र में बेहतर और सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित कर सकें। अधिकारियों को तकनीकी संरचना, एंट्री-एग्जिट मार्ग, विद्युत व नेटवर्क सुविधा तथा आवश्यक स्थान निर्धारण जैसे बिंदुओं पर ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# शिक्षक उपाध्याय को सीसीआरटी दमोह में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने पर मिला उत्कृष्टता सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** केन्द्रीय सांस्कृतिक संसाधन प्रशिक्षण संस्थान (सीसीआरटी) दमोह, मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य का बेहतर तरीके से प्रतिनिधित्व करने वाले शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय को देशभर के शिक्षकों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करने हेतु उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, संस्कृति एवं हस्तशिल्प शिक्षण के क्षेत्र में उनके रचनात्मक योगदान तथा प्रशिक्षण सत्रों में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान विशेषज्ञों ने श्री उपाध्याय की प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों की विशेष सराहना की। उन्हें दिए गए इस सम्मान ने उत्तराखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में उनके प्रयासों को और मजबूत किया है।

नागालैंड, मिजोरम पांडिचेरी आदि से आए शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की तथा अपने राज्यों में इन नवाचारों को लागू करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। श्री उपाध्याय ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यार्थियों, सहकर्मियों तथा संस्था के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि भविष्य में भी वे शिक्षण एवं कलात्मक संस्कृति के संवर्धन तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सीसीआरटी के क्षेत्रीय अधिकारी देव नारायण ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय एकता, कला-संरक्षण और गुणवत्ता-आधारित शिक्षण के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया।

# ग्राम पूछडी में वन भूमि पर अवैध कब्जे हटाने की कवायद शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर रेंज की ग्राम पूछडी क्षेत्र में स्थित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने के साथ ही यहां पर लंबे समय से खेती भी की जा रही है। पूर्व में भी विभाग द्वारा यहां पर अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करने की कार्रवाई भी की जा चुकी है, लेकिन अवैध अतिक्रमण आज तक नहीं हटाया गया है ।इस मामले में कुछ लोगों द्वारा उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की गई है। जहां यह मामला अभी विचारधीन है।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग द्वारा कुछ वर्ष पहले रामनगर नगर पालि. का को शहर के कूड़ा निस्तारण को लेकर करीब एक हेक्टेयर भूमि दी गई थी और नगर पालिका द्वारा वन विभाग को लगभग एक करोड रुपये की धनराशि भी पूर्व में दी जा चुकी है, लेकिन आज तक जो जमीन वन विभाग ने नगरपालिका को दी थी उस पर कई लोगों द्वारा आज भी अवैध रूप से अतिक्रमण करने के साथ ही वहां पर खेती की जा रही है। वन विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर अब वन विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल, एसडीओ वन विभाग किरण शाह के अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने इस क्षेत्र का संयुक्त रूप से सर्वे किया तो वहीं मौके पर टीम ने ड्रोन के माध्यम से भी अवैध रूप से अतिक्रमण की गई भूमि को चिन्हित करने की कार्रवाई की। इसके बाद मौके पर अतिक्रमण कार्यों में हड़कंप मच गया। इस दौरान मौके पर कुछ अतिक्रमणकारियों की प्रशासनिक टीम के साथ मामूली कहासुनी भी हुई। प्रशासन द्वारा अचानक किया गए मुआयना से प्रथम चरण में नगरपालिका को टंचिंग ग्राउंड के लिए दी गई भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई प्रशासनिक टीम शीघ्र करेगी इसको लेकर अधिकारियों के बीच लंबी वार्ता भी हुई।

इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि उक्त क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने के मामले में वर्ष 2024 में कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी जांच अभी भी जा रही है। इस मामले में सरकार की ओर से इस पूरे प्रखंड में एसआईटी टीम का गठन कर जांच करने के निर्देश दिए गए थे, जिस पर एसआईटी द्वारा भी इसकी जांच की जा रही है।

,उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा वन विभाग की सरकारी भूमि पर दस्तावेज तैयार कर यहां रहने वाले लोगों को यह जमीन सस्ते दामों में बेची गई है। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर आज संयुक्त सर्वे किया गया है। इस दौरान तराई पश्चिम वन प्रभाग की एसडीओ किरण शाह, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी, नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल,राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य आदि मौजूद रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर शिक्षक हुए सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ के शिक्षक दिव्यांग कर्मी गुणानंद पंत को उत्कृष्ट सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें शॉल-प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक दिव्यांग कर्मी लंबे समय से विद्यालय में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते आए हैं। सीमित शारीरिक क्षमता के बावजूद उनका समर्पण, मेहनत और सकारात्मक सोच सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सम्मान प्राप्त होने पर दिव्यांग कर्मी श्री पंत ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जिम्मेदारियों को और बढ़ाता है तथा वे आगे भी बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजाराम पौड़ी सहित जिलेभर के शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। लोगों ने कहा कि दिव्यांग कर्मी गुणानंद पंत का संघर्ष और सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायी मिसाल है।

# पुलिस ने सड़क दुर्घटना का किया खुलासा

**सीसीटीवी विश्लेषण व तकनीकी इनपुट से हुआ 'हिट एंड रन' मामले का पर्दाफाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** बीती 30 नवम्बर को धारचूला निवासी दानी नाथ द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई कि 29 नवम्बर की रात्रि में किसी अज्ञात वाहन ने कुमौड़ से जाखनी रोड पर, उनके पुत्र को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया।




एसपी रेखा यादव द्वारा घटना के त्वरित एवं प्रभावी खुलासे हेतु कोतवाली पुलिस को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। गहन जांच औ लगभग 30-35 सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल, तकनीकी व मानवीय खुफिया जुटाया। सीओ केएस रावत के पर्यवेक्षण में व एसएचओ ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने घटनास्थल से लेकर शहर के विभिन्न मार्गों तक फैले लगभग सीसीटीवी फुटेज बारीकी से खंगाले। साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ कर महत्वपूर्ण तकनीकी व मैनुअल इनपुट एकत्रित किए गए। लगातार मेहनत, पैनी निगरानी और प्रभावी अनुसन्धान के बाद पुलिस टीम ने घटना का पूर्ण खुलासा करते हुए आरोपी की पहचान करन सिंह महर निवासी कुमौड़ के रूप में की, जिसने मृतक को टक्कर मारने की बात सामने आई। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रगति पर है। इस मामले में पुलिस की सतर्कता, समयबद्ध विवेचना, तकनीकी संसाधनों का उपयोग और टीमवर्क एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि पिथौरागढ़ पुलिस अपराधों के खुलासे एवं जनसुरक्षा के प्रति पूर्णत: समर्पित है। पुलिस टीम में उ.नि. कमलेश जोशी, चौकी प्रभारी ऐचोली, उ.नि. प्रदीप यादव, विवेचक, हे. का. भूपेन्द्र सिंह, का. निरज भोज शामिल थे।

# एडवोकेट राजेश पांडे और अजीम अहमद बने विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड की 25वीं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गुरुवार को बाजपुर बार एसोसिएशन द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का एक आयोजन किया गया। जिसमें महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया।



पुरुष वर्ग में एडवोकेट राजेश कुमार पांडे, एडवोकेट अजीम अहमद चौधरी विजेता रहे। तो वही अमरजीत सिंह अर्पित बंसल उपविजेता रहे। महिला वर्ग में दीपिका यादव, प्रियामैनी, शिल्पी कश्यप चारु विजेता रही। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा के द्वारा ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,सोहनलाल गोयल,नीरज जोहरी, योगेश पाठक, मनोज सत्संगी, अनेकों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बॉयलर को बागास फीड करने वाली चैन की शाफ्ट टूटी, कार्य ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चीनी मिल का पेराई सत्र सुचारू रूप से नहीं चल पाने के कारण मिल में कई कई बार दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। जिससे मिल कर्मचारियों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक प्रमुख केवल भी उचित और नियंत्रित लोड के अभाव में जल गई है और केन यार्ड में लगी क्रेन भी ठप्प हो गई है। जिस कारण काफी असुविधाएं देखने को मिल रही है।



बुधवार की रात्रि नौ बजे हुए इस हादसे के बाद अब लगभग दोबारा पटरी पर लौटने के लिए 17 से 18 घंटे तक का विलंब हो जाने की संभावना बताई जा रही है। इस दौरान स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से चीनी मिल का पेराई सत्र चालू हुआ है। तब से मिल में कई बार तकनीकी समस्याएं व्यापक रूप ले चुकी हैं और इस चीनी को न जाने किस की नजर लग चुकी है। क्योंकि जब से मिल चालू है कोई न कोई समस्या काफी भी और किसी भी समय उत्पन हो जाती है। मिल में अक्सर रात्रि के समय ज्यादातर समस्या देखने को मिलते। पिछले कुछ दिनों पूर्व मिल में आई तकनीकी खरीब के चलते किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

# न्यायमित्र को उपलब्ध कराएं नक्शा व दस्तावेज़: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में देवखड़ी नाले पर हुए बड़ी संख्या में अतिक्रमण के मामले में वीरवार को सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि

## देवखड़ी नाले में अतिक्रमण पर हाई कोर्ट में सुनवाई

न्यायमित्र अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह को अतिक्रमण से संबंधित सभी दस्तावेज और नक्शा मुहैया कराये जाए। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की युगलपीठ में वीरवार को इस मामले पर सुनवाई हुई। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत गौनिया के पत्र का संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि हल्द्वानी में तीनपानी से काठगोदाम तक सड़क मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। देवखड़ी नाले पर अतिक्रमण के चलते चौड़ीकरण का कार्य प्रभावित हुआ है। कुछ व्यावसायिक संस्थानों को फायदा पहुंचाया गया है। अदालत के आदेश पर जिला प्रशासन ने अदालत को जो सर्वे रिपोर्ट सौंपी उसमें कहा गया है कि देवखड़ी नाले पर 200 अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किये गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों की सूची भी अदालत को सौंपी गयी। दूसरी ओर वीरवार को न्यायमित्र अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि अतिक्रमण से जुड़े नक्शा और दस्तावेज उपलबध नहीं हैं। इसके बाद अदालत ने जिला. धिकारी नैनीताल को निर्देश दिये कि आगामी 12 दिसंबर शुक्रवार तक सभी दस्तावेज और नक्शा न्यायमित्र अधिवक्ता को मुहैया कराये जाएं। इसके बाद न्यायमित्र अधिवक्ता इनका अध्ययन कर अदालत को रिपोर्ट सौंपेंगे। अदालत इस मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई करेगी।

## अवैध खड़िया खनन पर सुनवाई आज भी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका के अलावा 165 खनन इकाइयों से संबन्धित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने सुनवाई शुक्रवार आज भी जारी रखी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट की मूल कॉपी कोर्ट में तलब की है साथ ही कोर्ट ने जिला खनन अधिकारी से मूल रिकॉर्ड कोर्ट में पेश करने को कहा है। साथ ही इष्ट देव स्टोन क्रेशर के संबंध में वीरवार को जीएसटी और इनकम टैक्स डिपार्मेंट द्वारा कोर्ट में सील बंद रिपोर्ट पेश की गई है। उस पर अदालत शुक्रवार आज सुनवाई करेगी।

# आईएसबीटी और फूड क्रापटिंग इंस्टिट्यूट का जल्द हो संचालन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** आईएसबीटी और लो. धिया स्थित फूड क्रापटिंग इंस्टिट्यूट के संचालन की मांग को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। गुरुवार को कांग्रेसियों ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जनहित में जल्द आईएसबीटी और फूड क्रापटिंग इंस्टिट्यूट की मांग उठाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि आईएसबीटी और फूड क्रापटिंग इंस्टिट्यूट का संचालन लंबे समय से संचालित नहीं हो सका है। जबकि दोनों जगहों का निर्माण कार्य कई वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी संचालन प्रारंभ न हो पाने के कारण अल्मोड़ा की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने डीएम से उक्त संबंध में शीघ्र कार्रवाई कर उक्त योजनाओं को संचालित करने की मांग उठाई। वहीं, डीएम अंशुल सिंह ने कांग्रेस के शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द इस संबंध में बैठक कर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। यहां पूर्व दर्जा मंत्री केवल सती, पूरन रौतेला, जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, अधिवक्ता कुंदन भंडारी, निर्मल रावत, मोहन देवली, नितिन रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हिमांशु पांडे ने सिनेमैटोग्राफी की क्लास ली

**नैनीताल।** शुभचिंतक सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति पिथौरागढ़ की



आयोजित 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में हिमांशु पांडे ने सिनेमैटोग्राफी की क्लास ली। बता दें हिमांशु पांडे फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे के पुत्र हैं जो वर्तमान में एफटीएनएमपी फिल्म टेलीविजन एंड न्यू मीडिया प्रोडक्शन से ग्रेजुएशन कर रहे हैं। हिमांशु पांडे ने बताया कि कार्यशाला के तहत 14 दिसंबर से शाम 5 बजे से नगरनिगम पिथौरागढ़ में नाटक किस्सा मौजपुर का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक जयवर्धन हैं व कैलाश कुमार के निर्देशन में नाटक आयोजित किया जाएगा।

### 9 भाजपाइयों को बनाया गया शक्ति केंद्र प्रभारी

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के सभी शक्ति केन्द्रों पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट तथा मंडल प्रभारी प्रकाश आर्य की संस्तुति पर मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की द्वारा शक्ति केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति की गई। कार्की के मुताबिक मोहित शाह को स्नोव्यू जबकि विकास जोशी को नैनीताल क्लब, काजल आर्य को मल्लीताल बाजार, मयंक पंत को अयारपाटा, निखिल बिष्ट को सूखाताल, विक्रम राठौर को अपर माल रोड, आशा आर्य को तल्लीताल बाजार जबकि प्रदीप आर्य को कृष्णापुर, आयुष भंडारी को शेर का डांडा शक्ति केंद्र का प्रभारी बनाया गया। दूसरी ओर नैनीताल विधानसभा की विधायक सरिता आर्य, मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी, जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया व भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के सभी देव तुल्य कार्यकर्ताओं ने सभी शक्ति केंद्र संयोजकों को बधाई दी है।

### बाघों की गणना का प्रशिक्षण दिया

**नैनीताल।** अखिल भारतीय बाघ अनुमान (ऑल इंडिया टाईगर स्टीमेयान-2026) के तहत वन विभाग की ओर से एमस्ट्रैप्स इकोलॉजिकल एप के माध्यम से बाघों की गणना का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रक्रिया में बाघों के वैज्ञानिक प्रमाण इकठ्ठा करने के लिए फील्ड वर्क, फुट सर्वे, साइन इंटरप्रिटेशन और डेटा संग्रह शामिल हैं। वीरवार को नैनीताल जू में डीएफओ आकाश गंगवार के नेतृत्व में वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत की ओर से विभागीय कर्मचारियों को मोबाइल एप के माध्यम से डेटा अपलोड करना सीखाया। वहीं एसडीओ ममता चंद ने बताया कि भारत में बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा और पारिस्थितिक स्थिति की निगरानी के लिए इस एप का प्रयोग किया जा रहा है। इसका उपयोग जंगलों में वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से वन्यजीवों की उपस्थिति तथा शिकार की प्रचुरताए आवास की स्थिति व निशान के डेटा के लिए किया जाएगा जिससे वन्यजीव संघर्षों को कम करने और प्रजातियों की आबादी का अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। बताया कि गुरूवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डिविजन के सभी रेंज के कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### चढ़ाई में जाती पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित चार्टन लॉज क्षेत्र में निर्माण सामग्री व लोहे से भरी पिकअप चढ़ाई में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में राह चल रहे स्कूली बच्चे व राहगीर बाल बाल बचे। जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी नितिन अधिकारी गुरुवार को पिकअप संखया यूके-04सीबी-9295 से निर्माण सामग्री लेकर चंद्रभवन जा रहा था। चंद्रभवन गेट के समीप पहुंचने पर जैसे ही चालक ने वाहन भीतर की तरफ मोड़ा तो वाहन अनियंत्रित हो गया। चालक ने नियंत्रण पाने का प्रयास कियाए लेकिन ब्रेक मारने के बावजूद वाहन फिसलते हुए पीछे को गया और पलट गया। जिससे राह चल रहे स्कूली बच्चों व अन्य राहगीरों ने भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई राहगीर वाहन की चपेट में नहीं आया। बीच राह पिकअप पलटने से मार्ग में वाहनों की आवाजाही भी बाधित रही। मजदूरों ने निर्माण सामग्री हटाकर दूसरे वाहन की मदद से किसी तरह वाहन सीधा किया। पूर्व में भी क्षेत्र में माल से भरी पिकअप पलटने का मामला आया था। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम पंत चंद्र ने बताया कि पिकअप क्षेत्र से हटवा दी गई है।

### निर्माण में अनियमितता की डीएम से शिकायत

**बागेश्वर।** ग्राम प्रधान घिरतोली विकासखंड गरुड़ के प्रधान भुवन गिरी ने गरुड़ कोहनियां मोटर मार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितता को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रधान ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की। ग्राम प्रधान गिरी ने कहा कि मोटर मार्ग में निर्माण कार्य के नाम पर स्थानीय लोगों के पैतृक भूमि से अनधिकृत रूप से पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा है। जिससे किसानों की कृषि योग्य भूमि एवं लोगो के आवासीय भवनों को खतरा बन रहा है। इसके साथ ही ब्रेस्ट बॉल एवं साइड वॉल दीवार बनाए बिना ही सड़क में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रधान ने सड़क निर्माण कार्य में हो रही अन्य अनियमिताओं के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में जांच कर निर्माण कार्य को मानकों के अनुरूप करवाने एवं संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रधान भुवन गिरी, विनोद कुमार, दीप चंद्र, खीम राम आदि शामिल थे।

### पर्यक्षकों की नियुक्ति

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल की चुनाव कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. महेन्द्र सिंह पाल, महेश चन्द्र काण्डपाल एवं महावीर सिंह त्यागी को चुनाव में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया साथ ही अनन्तिम वोटर लिस्ट भी जारी की गयी। चुनाव कमेटी द्वारा जिलाधिकारी को एक पत्र देकर चुनाव हेतु ईवीएम मशीन मुहैया कराने हेतु निवेदन किया गया। चुनाव में सहयोग हेतु प्रदीप लोहनी, विकास उनियाल, पान सिंह बिष्ट, राजीव पाठक, हेम चन्द्र पाठक, विशाल सिंह मेंहरा, मीनाक्षी शर्मा, कौशल साह जगाती, सुनील उपाध्याय, सुनील कुमार तथा श्वेता बड़ोला डोभाल, सूर्यकान्त मैथानी को निर्वाचन टीम में शामिल किया गया। बैठक में कुर्बान अली, मुखय निर्वाचन अधिकारी राजेश शर्मा, रविन्द्र सिंह बिष्ट, भाष्कर चन्द्र जोशी, केके तिवारी, कार्तिकेय हरि गुप्ता, राजेश जोशी, तपन सिंह, वन्दना मेहरा, पान सिंह बिष्ट, पंकज कपिल, शीतल सेलवाल, संगीता अधिकारी पाटनी उपस्थित थे।

### बाल बाल बचा बुजुर्ग

**नैनीताल।** मल्लीताल में कार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग बाल. बाल बच गया। पुलिस ने टैक्सी कार चालक के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शााम को एक बुजुर्ग व्यक्ति मल्लीताल पुलिस सहायता केंद्र के समीप सड़क पार कर रहा था। इस दौरान सामने से आती तेज गति में एक टैक्सी कार उसके सामने आ गई। बुजुर्ग को देख टैक्सी चालक ने ब्रेक लगाए लेकिन बुजुर्ग कार की टक्कर से सड़क पर गिर गया। हालांकि बुजुर्ग को चोट नहीं आई। लेकिन लोगों ने टैक्सी चालक को तेज वाहन चलाने पर फटकार लगाई। एसआई दीपक कार्की ने टैक्सी चालक विक्की कुमार के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की।

# कैंचीधाम में नैनीताल पुलिस का मॉकड्रिल

## बम विस्फोट होने की स्थिति में जवाबी कार्रवाई को परखा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में नैनीताल पुलिस द्वारा वीरवार को विश्व प्रसिद्ध श्री कैंची धाम मंदिर में संभावित आपात स्थिति से निपटने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसकी थीम बम विस्फोट होने पर पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही तथा राहत एवं बचाव कार्य रखी गई थी। परिकल्पना के अनुसार मंदिर परिसर में तीन आतंकी विस्फोट हुए। कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक नैनीताल



डा. जगदीश चंद्रा द्वारा तत्काल मोर्चा संभालते हुए हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी भवाली दीपशिखा अग्रवाल सहित सभी पुलिस इकाइयों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी भवाली द्वारा मौके पर कमान संभालने के साथ इलाके को सील कर दिया गया तथा सशस्त्र बलों द्वारा संपूर्ण परिसर की घेराबंदी' कर दी गई। आतंकवाद निरोधक दस्ते की टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही के दौरान छुपे हुए आतंकवादियों में से दो को मार गिराया तथा तीन को जिंदा गिरफ्तार किया। पकड़े गए आतंकवादियों को पूछताछ हेतु थाने भेजा गया है। बम विस्फोट की घटना में एक नागरिक की मृत्यु एवं तीन नागरिक घायल हुए हैं। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल तथा मृतकों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए है। यह मॉक ड्रिल पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी भवाली दीपशिखा अग्रवाल' के पर्यवेक्षण में संपादित की गई। मॉक ड्रिल में स्थानीय नागरिक पुलिस के अलावा पीएसी, एसडीआरएफ तथा आतंकवाद निरोधक दस्ता समेत बीडीएस, डॉग स्क्वाड व फॉरेंसिक मोबाइल यूनिट तथा मेडिकल टीम मंदिर प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शातिर दो बाइक चोर चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की है। पुलिस ने शातिर वाहन चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानक. ारी के अनुसार सारिक पुत्र वारिस ने बनभूलपुरा थाने में तहरीर दी थी कि बीते दिन जब वह चिराग अली शाह मजार में नमाज पढ़ने गए थे तभी उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान टीम ने जब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने



युवक की पहचान कर उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पकड़े गए शातिर चोर की निशानद. ेही पर पुलिस ने चोरी की गई दो बाइक बरामद की। पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम तौसीफ पुत्र लतीफ निवासी ग्राम खैरपुर कटरा थाना कटरा जिला शाहज. हांपुर उत्तर प्रदेश, हाल निवासी उत्तर उजाला बनभूलपुरा बताया। टीम में थाना प्रभारी सुशील जोशी, एसआई जगवीर सिंह, एआई पुष्कर आर्या, कांस्टेबल महबूब अली, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# पार्षद इमरान ने मेयर को बताई वार्ड की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड 28 के पार्षद इमरान खान ने महापौर गजराज बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर वार्ड की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से वार्ड में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाया गया, जिसमें बताया गया कि वर्तमान में केवल तीन कर्मचारी वार्ड में कार्यरत हैं, जो कि कार्यभार के लिए अपर्याप्त हैं। पार्षद ने महापौर से शीघ्र नए कर्मचारियों की भर्ती करने का आग्रह किया। इसके अलावा इमरान खान ने वार्ड 28 में सीवर लाइन से वंचित क्षेत्रों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। इन क्षेत्रों में सती कालोनी, कृष्ण कालोनी, धर्मपाल कालोनी और सफदर का बगीचा शामिल हैं। पार्षद ने बताया कि इन क्षेत्रों का पहले सर्वे किया जा चुका है, और अब इनको सीवर लाइन से जोड़ने के लिए जल निगम को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। महापौर ने ज्ञापन में उल्लिखित समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा पार्षद इमरान को दिया। जिसके लिए इमरान ने महापौर का आभार व्यक्त किया।

# आदर्श नागरिक बनाता है स्काउट: रेखा

## खेल मंत्री रेखा आर्य ने शांतिपुरी पहुंचकर किया स्काउट गाइड कैडेट्स को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** खेल मैदान शांतिपुरी में कुमाऊं मंडल स्काउट-गाइड समागम का समापन गुरुवार को खेलमंत्री रेखा आर्या ने विधिवत रूप से किया। तीन दिवसीय समागम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट-गाइड कैडेट्स को उन्होंने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रेखा आर्या ने स्काउट-गाइड कैडेट्स को प्रांतीय समागम की सफलता की बधाई दी। उन्होने कहा कि युवाओं को स्काउट से आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। बच्चों को केवल शिक्षित करने से ही देश आगे



नहीं बढ़ेगा, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और मानवीय गुणों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। स्काउट-गाइड आंदोलन इन गुणों को निखारने का सबसे प्रभावी माध्यम है, जो युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं की पहचान करना सफलता की दिशा में पहला कदम है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। श्रेष्ठता दिखाने वाले कैडेट्स को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने ट्राफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदे. शिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना, सहायक आयुक्त अलका मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री टीकम सिंह कोरंगा, इन्दर सिंह मेहता दीपक तिवारी, प्रधान कविता तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सिंह इलेक्ट्रानिक वाले सुरजीत सिंह नहीं रहे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल बाजार में इलेक्ट्रानिक उत्पादों से जुड़े व्यवसायी (सिंह इलेक्ट्रानिक) के



स्वामी सुरजीत सिंह (72) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय पाईस स्थित शमशान घाट में कर दिया। उनके निधन का समाचार सुनते ही नगर के व्यवसायियों व उनके शुभचिंतकों में शोक छा गया। दिवंगत सुरजीत सिंह अपने पीछे पत्नी तथा दो बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों के मुता. बिक गुरुद्वारे में अब रविवार यानी 7 दिसंबर अंतिम अरदास होगी। उनकी शव यात्रा में व्यवसायियों समेत कई लोगों ने भाग लिया।

# विंटर कार्निवाल को लेकर मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला प्रशासन एवं नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन की वीरवार को हुई बैठक में क्रिसमस के दौरान प्रस्तावित विंटर कार्निवाल की स्फ लता को लेकर गहन मंथन हुआ। पूर्व में हुए आयोजनों का फीड बैक लेते हुए इस वर्ष किए जाने वाले आयोजन के स्वरूप को लेकर चर्चा हुई। मौजूद लोगों ने आयोजन को लेकर सुझाव भी दिए गए। बता दें कि वर्ष 2018 तक नैनीताल मे कार्निवाल हुआ लेकिन 2019 में कोविड की शुरूआत के साथ नैनीताल में इस पर विराम लग गया। वीरवार को हुई बैठक में होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने 23, 24 तथा 25



दिसंबर को विंटर कार्निवाल करने तथा इसे भी मसूरी की तर्ज पर वार्षिक कलेंडर में शामिल करने की मांग को रखा। अपर जिलाधिक. ारी विवेक राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसके वित्तीय पक्ष, प्रायोजक, लोक कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन तथा विभागीय प्रदर्शनी समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम नवाजिश खलिक समेत जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, होटल एसोसिएशन के महासचिव वेद साह तथा रुचिर साह आदि रहे।

# प्रदेश में शीघ्र बनेगा इंटीग्रेटेड पैक हाऊस: जोशी

## कृषि मंत्री ने कहा- राज्य में उत्पादित फल-सब्जियों के निर्यात के लिए खुलेंगे नए द्वार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री जोशी ने अधिकारियों को विभागीय कैलेंडर के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य में उत्पादित फसलों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही प्रदेश में इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने इस परियोजना से संबंधित सभी कागजी कार्यवाही को



समयबद्ध रूप से पूरा कर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने कहा कि इंटीग्रेटेड पैक हाऊस बनने से किसानों की फसलों की गुणवत्ता और बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा दोनों में बड़ा सुधार होगा। बैठक के दौरान विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इंटीग्रेटेड पैक हाऊस प्रदेश के कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप तैयार करेगा, जिससे राज्य में उत्पादित फल-सब्जियों के निर्यात के लिए नए रास्ते खुलेंगे और निर्यात बढ़ने से किसानों की आमदनी में सीधा इजाफा होगा। मंत्री ने यह भी कहा कि पैक हाऊस बनने से फसल के खराब होने की संभावना काफी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पैक हाऊस के माध्यम से फसल की वैज्ञानिक ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, वाशिंग और पैकिंग की आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मिलेट के उत्पादन बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने चौबटिया स्थित रिसर्च सेंटर को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि एवं उद्यान विभाग में मानव संसाधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंत्री जोशी ने उद्यान विभाग में 415 मालियों की भर्ती प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती हेतु प्रयाग पोर्टल खोल दिया गया है, जिसमें आवेदक आवे. दन कर सकते हैं। मंत्री जोशी ने ड्रैगन फ्रूट के उत्पादन पर विशेष फोकस करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि एवं उद्यान संबंधी सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में विभागीय कार्यों को गति देने तथा किसानों को अधिकतम लाभ पहुंच. ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जड़ी-बूटी सलाहक. ार समिति उपाध्यक्ष भुवन विक्रम डबराल, सचिव कृषि एसएन पांडेय, महानिदेशक कृषि वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शहर में अवैध होर्डिंग व बैनरों को हटाया गया

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामी बंसल ने भूमि अनुभाग को दिये गये 72 घंटे के अल्टीमेटम के अनुपालन में गुरुवार को शहर में अवैध होर्डिग व बैनर को हटाने के अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदया ने विभिन्न मार्गो, चौराहों तथा वाणिज्यिक क्षेत्रों में लगाए अवैध होर्डिग्स का जायजा लिया एवं अभियान में लगी टीमों को निर्देशित किया कि सभी अवैध, अनधिकृत एवं असुरक्षित होर्डिग्स को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये, साथ ही अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों व यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर आयुक्त महोदया ने स्पष्ट किया कि शहर की सुन्दरता को नुकसान पहुचाने वाले अवैध होर्डिग्स किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नही हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत इमलीखेड़ा जनपद हरिद्वार

पंत्राक: 1022 / कर निर्धा0/2025-26 दिनांक: 28/11/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्री अविश सिंघल पुत्र श्री रामनरेश सिंघल ने नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-147 के अन्तर्गत सम्पत्तिकर खाता संख्या 539/002882 वार्ड नं0-05 इमलीखेड़ा द्वितीय, में दान-पत्र के आधार पर श्री रामनरेश सिघंल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सिंघल के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति कर खाते में नामान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति समस्त अभिलेखों / प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय नगर पंचायत इमलीखेड़ा, हरिद्वार में प्रस्तुत करें। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 143 (3) के अन्तर्गत निर्धारित समयवधि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा, और उपरोक्त सम्पत्तिकर खाते में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
नगर पंचायत इमलीखेड़ा

## रॉयल पब्लिक स्कूल झबरेड़ा में उत्साह के साथ मनाया गया स्पोर्ट्स डे

# पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का खेलना भी जरूरी : रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ किया गया, जिसके बाद बच्चों ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में स्कूल में कक्षा 8 तक के बच्चे अध्ययनरत हैं और समयख्रसमय पर विद्यालय द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता है। स्पोर्ट्स डे में बच्चों ने खो-खो, रेस, बोरी रेस, गिफ्ट रेस, एथलेटिक्स रेस सहित कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही बच्चों ने लोकप्रिय फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि आदर्श कुमार, इंस्पेक्टर



रवि कुमार शिवाज, झबरेड़ा के पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह एवं नगर पंचायत झबरेड़ा की चेयरमैन किरण चौधरी सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम

**❖किसानों की अनदेखी कर रही है प्रदेश सरकार : पूर्व सीएम**

में पूर्व राज्य मंत्री डॉ. गौरव चौधरी ने विद्यालय की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2020 में खेल गतिविधियों के साथ शुरू हुआ यह विद्यालय आज कम समय में उत्कृष्ट शिक्षा और अनुशासन के साथ नए आयाम स्थापित कर चुका है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "बच्चों को खेलों के साथ पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। यही बच्चे भविष्य में देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे घर में बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। पत्रकारों से बातचीत में हरीश रावत ने प्रदेश सरकार पर गन्ना किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि



किसानों का शोषण नहीं रुका तो 2027 में किसान भाजपा सरकार को इसका परिणाम जरूर बताएंगे। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।

## इकबालपुर शुगर मिल का पेराई सत्र 10 से 15 दिसंबर के बीच होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर में स्थित लक्ष्मी शुगर मिल महा प्रबंधक अनिल तंवर का कहना है कि शुगर मिल में 10 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच गन्ना पेराई का काम शुरू कर दिया जाएगा। दूसरी और क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि धरातल पर देखने पर इस वर्तमान सत्र में गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो सके इसके कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। इकबालपुर शुगर मिल महाप्रबंधक अनिल तंवर ने गुरुवार को बताया कि शुगर मिल में 15 दिसंबर तक गन्ना पेराई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। किसानों को पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान जो लगभग 15 करोड रुपए है एक-दो दिन में कर दिया जाएगा ।उन्होंने बताया कि लगभग 100 किसानों से बात की है किसानों का कहना है कि गत वर्ष का गन्ना भुगतान शुगर मिल द्वारा कर दिए जाने पर किसानों द्वारा शुगर मिल में गन्ना सप्लाई करने का काम किया जाएगा। शुगर मिल में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि शुगर मिल में गन्ना पेराई करने के लिए काम किया जा रहा है। दूसरी और क्षेत्रीय किसानों राजपाल अरविंद नरेश विक्रम बाबूराम शमशाद आदि का कहना है कि इकबालपुर शुगर मिल के महा प्रबंधक लगभग 4 वर्षों से लगातार झूठ बोलकर किसानों को धोखा देते आ रहे हैं। शुगर मिल मैं गन्ना पेराई कार्य शुरू करने के लिए अभी तक वहां पर साफ सफाई भी नहीं हो पाई है। शुगर मिल को शुभारंभ करने के लिए बेगास की आवश्यकता होती है यहां पर वह भी नहीं है ।धरातल पर शुगर मिल चलने के कोई आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता व पूजा गुप्ता ने किया अंबेडकर भवन का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डॉक्टर बी आर जन कल्याण समिति द्वारा अम्बेडकर भवन के विस्तार का कार्य गुरुवार से शुरू हुआ। कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता एवं पूजा गुप्ता ने समिति पदाधिकारियों के साथ इसका शिलान्यास किया।

प्रीत विहार में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस महासचिव सचिन गुप्ता ने कहा सचिन गुप्ता ने कहा कि नया भवन बनने के बाद सर्वसमाज के लोगों को इसका लाभ होगा। भवन निर्धन कन्याओं के विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए उपलब्ध रहेगा तो छात्र छात्राओं को यहां पुस्तकालय की सुविधा निशुल्क मिलेगी। समाजसेवी पूजा गुप्ता ने कहा कि आंबेडकर भवन का विस्तार हो रहा है जिसका लाभ समाज के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीम राव आंबेडकर के पदचिह्नों पर चलकर संस्था समाज को नई दिशा देने का काम कर रही है जो सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूराम टपरानिया ने की और संचालन महासचिव विपिन कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिगंबर सिंह, बसंत लाल, सोमप्रकाश, धर्मवीर, लीलाराज भारती, रविंद्र कुमार,



चंद्र प्रकाश, स्वरूप, सोनू, चंद्रपाल, अरुण कुमार, ओमप्रकाश,सोमवीर सिंह, सुनहरी देवी, पुष्पा देवी,सुषमा, अंजू देवी, मामचंद,रूपचंद कटारिया,वीर सिंह, राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** चेकिंग के दौरान मंगलौर पुलिस की गिरफ्त में एक मोटरसाइकिल चोर आ गया है। उससे चोरी की मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कोतवाली मंगलौर पर E&FIR के माध्यम से मुंडलाना निवासी द्वारा खुद की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर रंग काला नंबर न08-0748 को अज्ञात चोर द्वारा कस्बा मंगलौर से चोरी कर ले जाने के संबंध में अंतर्गत धारा 303(2) बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया, अभियोग के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के आदेश पर क्षेत्राधिकारी मंगलौर के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे खंगालते हुए अभियुक्त की तलाश की गई जिसके फल स्वरुप निम्नलिखित अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को नियमनुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम गौरव पुत्र गजेंद्र ग्राम कुरड़ी कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में अ0उ0 नि0 गजपाल राम-हेड कांस्टेबल श्याम बाबू-कांस्टेबल मोहन शामिल रहे।

## सभासद की बैठक पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर वार्ड तीन सभासद नाजिम त्यागी की बैठक पर ऋषि हॉस्पिटल की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 110 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

डॉक्टरों की टीम ने शिविर में पहुंचे लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांचें कीं और स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में सलाह दी। उन्होंने नियमित जांच और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।स्थानीय नागरिकों ने इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि ऐसे शिविरों से आमजन को घर के पास ही आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं।शिविर में डॉ. गौरव कश्यप, डॉ. खुशी, फार्मासिस्ट मोहम्मद नौसीन, फार्मासिस्ट अक्षय कश्यप, फार्मासिस्ट मुकम्मिल, जीएनएम रूपा तथा इल्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## किसान के खेत से सिंचाई मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कुआंखेड़ा गांव में एक किसान के खेत में लगी सिंचाई मोटर चोरी हो गई। कुआंखेड़ा गांव निवासी किसान विनोद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 नवंबर की शाम को उसने अपने खेत में सिंचाई की थी। इसके बाद ट्यूबवेल बंद करके वह घर चले गए। रात के समय किसी ने उनके खेत में लगी सिंचाई मोटर चोरी कर ली। अगले दिन खेत में पहुंचने पर उन्हें चोरी का पता लगा। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि किसान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## हर घर तक पहुंचे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : देशराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, राज्य मंत्री स्तर के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर का विधानसभा झबरेड़ा ब्लॉक रूडकी में बहुउद्देशीय शिविर का 3 गांवो में आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 125 शिकायत इस प्रकार प्राप्त हुई है-1. अकबरपुर फाजिलपुर-622. मुलेवाला-183. नगला कुबड़ा-45 रही। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा समाज कल्याण व अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं।

इनमें कई समस्या एक जैसी थी जिसमे सबसे ज्यादा राशन कार्ड की थी, और किसान सम्मान निधि, गांव की चारो और साफ सफाई, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृति, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, व शौचालय आदि



जैसी कई समस्या सामने आयी, जिसमे से 32 समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किया गया, जबकि कुछ जिला स्तर की समस्याएं थीं जिन्हें समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय व शासन को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना साकार होगा ।शिविर में सभी संबंधित रेखीय विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीस गौड़, ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यगण एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## टावर में चोरी करने आए बदमाश की टांग टूटी, दो फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** टावर में चोरी करने आए बदमाश दिलनवाज निवासी मोहल्ला खालापार मुजफ्फरनगर की दीवार कूदते समय टांग टूट गई। उसके दो साथी कार समेत भाग निकले। घायल बदमाश का सिविल अस्पताल में उपचार कराया गया। टेल क्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट मैनेजर ने तीन बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश को न्यायालय में पेश कर दिया है।

टेलक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट मैनेजर शुभम यादव ने बताया कि दहियाकी गांव में जियो कंपनी का टावर लगा हुआ है। बुधवार सुबह साइट डाउन का अलार्म मिला। इसके बाद वह अन्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान तीन बदमाश टावर में घुसकर चोरी करते पाए गए। बदमाश उनको देखकर भागने लगे। इसी दौरान एक बदमाश की दीवार फांदते समय टांग टूट गई। उसके दो साथी आलानकब का सामान मौके पर छोड़कर कार से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बदमाश को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस पूछताछ के दौरान बदमाश ने अपना नाम दिलनवाज निवासी मोहल्ला खालापार मुजफ्फरनगर बताया है। फरार बदमाशों के नाम अदनान निवासी खालापार व काशिफ निवासी तेवड़ा जिला मुजफ्फरनगर बताए हैं। पुलिस ने स्टेट मैनेजर की तहरीर पर तीनों बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि तीनों बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पकड़े गए बदमाश का चालान कर दिया है।

## संरक्षित पशु कटान की सूचना पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गढ़ी संघीपुर गांव में संरक्षित पशु के कटान की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस के आने की भनक लगने पर यहां मौजूद आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके से संरक्षित पशु का शव, धारदार हथियार और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। देर शाम को गोवंश संरक्षण स्क्वॉड में तैनात उपनिरीक्षक शरद सिंह को लक्सर कोतवाली के गढ़ी संघीपुर गांव के जंगल में संरक्षित पशु के कटान की सूचना मिली थी। उन्होंने कोतवाली पुलिस को भी इससे अवगत कराया। इसके बाद पुलिस की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा लेकिन आरोपी मौके से भाग निकले। मौके से संरक्षित पशु का शव बरामद किया गया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा लड़का रिंकू उर्फ पिंकू का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने रिंकू उर्फ पिंकू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उसके किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**श्रीमती शर्मा विधवा सुरेश नि. वार्ड नंबर । अंबेडकर नगर पालिका लक्सर थाना व तह. लक्सर हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी प्राची का आचरण ठीक नहीं प्राची ने बिटटू पुत्र पप्पन के साथ भाग कर शादी कर ली। अब वह मेरी दूसरी बेटी की शादी में कोई अडचन डाल सकती है इसलिए मैंने अपनी बेटी प्राची को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद प्राची के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **निर्मला देवी पत्नी स्व. महेश कुमार नि. ग्राम जगजीतपुर थाना कनखल हरिद्वार।**

## प्रशासन की मौजूदगी में हुई नगर पालिका पार्क निर्माण की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद लक्सर में रजत जयंती के मौके पर सरकार के द्वारा पार्क के निर्माण की घोषणा की गई थी। जिसमें आज तहसील एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लक्सर मोहम्मद कामिल ने बताया रजत जयंती के मौके पर नगर पालिका परिषद में एक पार्क की घोषणा की गई थी उन्होंने कहा उस पार्क के लिए पैसा भी आवंटन हो गया है आज इस पार्क की पैमाइश



करने के लिए तहसील के कर्मचारी के साथ आए हैं जिससे इस पार्क का निर्माण बहुत जल्द किया जा सके उन्होंने कहा अगर पार्क होगा तो लोगों को बहुत ही सुविधा मिलेगी क्योंकि पार्क में बैठने की सुविधा घूमने की सुविधा होती है और पार्क के जरिए वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ कस्बे को सुंदर बनाने में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## मंगलौर विधायक ने भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया

# भाजपा अंबेडकर के संविधान को कर रही तार-तार : निजामुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** विधायक काजी निजामुद्दीन ने बाबा भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया इस मौके पर सभी लोगों ने उनके चित्र पर फूल माला पहनाकर उनको श्रद्धांजलि दी।

इस मोके पर मंगलौर विधानसभा के कोने कोने से लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे और बाबा भीमराव अम्बेडकर की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो लोग आरक्षण का लाभ पा रहे है वह भीमराव अम्बेडकर के बनाये गए कानून की देन है पर आज भारतीय जनता पार्टी उसके बनाये गए कानून को तार तार करने में लगे हुए है। जिसके चलते आज दलित समाज के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसीलिए हमे चाहिए कि अब भाजपा के मंसूबों को कामयाब ना होने दे ताकि देश आगे बढ़ सके और सभी धर्मों के लोंगो को एक नया रास्ता मिल सके। इस मौके पर सचिन प्रधान ब्रह्मपुर जट्ट, सीपी सिंह



मोहम्मदपुर, डॉ एसपी बावरा, अजय मौर्या धीर सिंह, धर्म सिंह, सुशील नत्थू खेड़ी, अनिकेत नारसन, इंद्रपाल ढोई, बुद्ध प्रकाश, गौरव प्रधान जैनपुर आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राफिक ऐरा ने मदरसे में लगाया नेत्र चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित मुख्य बाजार के पास मदरसा हिफ्जुल कुरान में गुरुवार को ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 155 लोगों द्वारा अपनी आंखों की जांच करा कर स्वास्थ्य लाभ उठाया गया। शिविर में जांच करने आए 25 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया।

मोतियाबिंद के मरीजो को देहरादून ले जाया गया जहां उनकी आंखों में निशुल्क लैंस लगाया जाएगा। देहरादून स्थित ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की ओर से कस्बे में गुरुवार को निशुल्क चिकित्सा सिविर का आयोजन किया गया। आंखों के डॉक्टर वैभव उनियाल ने बताया कि शिविर में 155 लोगों की आंखों की जांच की गई। आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। 25 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें देहरादून हॉस्पिटल ले जाया जा रहा है। जहां उनकी आंखों में लेंस लगाया जाएगा ।लेंस लगवाने वाले लोगों के लिए खाना तथा आना-जाना आदि की व्यवस्था अस्पताल द्वारा उठाई जाएगी। इस अवसर पर राव रिजवान डॉक्टर



रोहन जनरल फिजिशियन डॉक्टर रहमान डॉक्टर शिव कुमार डॉक्टर प्रियांशु व योगिता टीम में शामिल रहे।

# पड़ोसी परेशान

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत की यात्रा के दौरान 25 समझौतों पर साइन होने की उम्मीद की जा रही है। इस दौरान भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में संबंध मजबूत होंगे। वहीं, पूरी दुनिया की पीएम मोदी और पुतिन के बीच हो रही इस मुलाकात पर नजर है। जहां अमेरिका और चीन की इस मुलाकात से टेंशन बढ़ रही है। मीडिया की मानें तो, वहीं ब्रिटेन का भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दरअसल, मास्को स्थित वैश्विक टीवी समाचार चैनल आरटी अब आरटी इंडिया की 5 दिसम्बर को शुरुआत करेगा। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ, पुतिन भारत में आरटी टीवी चैनल के लॉन्च समारोह में भी शामिल होंगे। आरटी इंडिया दिल्ली के अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो से अपने टीवी प्रसारण की आधिका. रिक शुरुआत करेगा। मास्को स्थित यह वैश्विक टीवी समाचार नेटवर्क अंग्रेजी में दिन के चार समाचार कार्यक्रम प्रसारित करेगा और इसका मकसद भारत और रूस के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करना और दुनिया में दोनों देशों के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देना है। जहां पुतिन के दौरे के दौरान आरटी इंडिया चैनल शुरू किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। क्योंकि इस चैनल पर ब्रिटिश उपनि. वेशवाद पर आधारित कई एपिसोड वाली एक कार्यक्रम सीरिज भी प्रसारित की जाएगी। इस सीरिज में भारतीय संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष शशि थरूर को दिखाया गया है। आरटी का अंग्रेजी-भाषा वाला अंतर्राष्ट्रीय चैनल पहले ही भारत के 18 प्रमुख आपरेटरों के पैकेज में उपलब्ध है, जिनकी संभावित दर्शक संख्या 675 मिलियन है। अब रूस का चैनल भारत में ब्रिटेन उपनिवेशवाद पर आधारित सीरिज दिखाएगा, इससे ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। वहीं व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पाकिस्तान सन्न है। एक तो पाकिस्तान रूस और भारत के हथियार सौदे से डरा हुआ है। दूसरा उसे डर है कि कहीं अफगानिस्तान वाला खेल उसके साथ न हो जाए, क्योंकि आतंक पर अगर पुतिन ने झटका दे दिया तो उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी। दरअसल दुनिया की राजनीति में जब कोई कदम हलचल मचाता है, तो उसकी गूंज सबसे पहले पड़ोसी देश सुनता है। इस बार वो गूंज है- व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की। 4 साल बाद पुतिन मास्को से सीधे दिल्ली पहुंच हैं, भारत का एजेंडा क्लियर है। रूस से दोस्ती और मजबूत होगी, लेकिन भारत और रूस की ये दोस्ती दुश्मनों को तीर की तरह चुभ रही है, लेकिन असली खौफ उन डील को लेकर है। जो हो गई तो मुनीर की सेना का रहा सहा हौसला भी हवा हो जाएगा। पाकिस्तान का सोशल मीडिया अकाउंट और टीवी चैनलों पर यह दर्द साफ तौर पर देखा जा रहा है। एक टीवी चैनल से बात करते हुए पाकिस्तान के ये पत्रकार कह रहे हैं- ये जो दौरा होने जा रहा है रूस के सदर का भारत का, आप ये समझ लें कि पुतिन का जो भारत दौरा है। इसमें अफगानिस्तान को बढ़ावा दिया जा सकता है, क्योंकि हिंदुस्तान कोई साजिश प्लान कर सकता है। डिफेंस, आयल और हथियार, लेकिन पाकिस्तान की टेंशन इससे बड़ी है। पाकिस्तान की घबराहट ये है कि कहीं मोदी और पुतिन के बीच की बातचीत में पाकिस्तान और आतंकवाद की बात न छिड़ जाए। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान की बात न छिड़ जाए, क्योंकि पाकिस्तान का हर सूबा खुद को मुनीर के चंगुल से आजाद कराने की जद्दोजेहद कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को लेकर पुतिन की नजर जरा सी भी टेड़ी हो गई और कहीं पुतिन ने एक बार फिर अफगान तालिबान की मदद बढ़ा दी तो पाक की सेना चारों तरफ से पिटेगी। इसलिए मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता से जुड़ी खबरों पर पूरा पाकिस्तान पैनी नजर टिकाए हुए है। इस हवाले से आने वाली हर नई खबर पाकिस्तान को नया शाक दे रही है।

## राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है संस्कृति



जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं, राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं, संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग -अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी, जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है, पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# पुतिन की भारत यात्राः तेल की धार पर कूटनीति की तलवार



योगेश कुमार गोयल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की 4-5 दिसम्बर की दो दिवसीय भारत यात्रा केवल एक प्रोटोकॉल विजिट नहीं बल्कि भू-राजनीति के नए शतरंज पर चली जाने वाली निर्णायक चाल मानी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाए गए टैरिफ के बीच यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। सोवियत दौर से लेकर आज के रूस तक, मास्को भारत का सबसे स्थाई रणनी. तिक साझेदार रहा है, 1971 के युद्ध में कूटनीतिक बैकिंग से लेकर दशकों तक हथियारों, मिसाइलों और परमाणु ऊर्जा सहयोग तक लंबा इतिहास गवाह है। आज भी अनुमानतः 60-70 प्रतिशत भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म (फाइटर जेट, टैंक, पनडुब्बियां, एयर-डिफेंस सिस्टम इत्यादि) किसी न किसी रूप में रूसी मूल के हैं लेकिन 2022 के बाद समीकरण बदल गए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने तेल एशियाई बाजारों की ओर भारी छूट पर मोड़ दिया और भारत रातों-रात रूस के सबसे बड़े तेल ग्राहकों में बदल गया। 2021 में जहां रूसी तेल भारत के कुल आयात का मुश्किल से 1-2 प्रतिशत था, वहीं 2024 तक यह हिस्सेदारी 30-35 प्रतिशत तक जा पहुंची और रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। यही ऊर्जा समीकरण आज भारत-रूस व्यापार का मेरुदंड है। द्विपक्षीय व्यापार महामारी-पूर्व लगभग 10-13 अरब डॉलर से उछलकर करीब 70 अरब डॉलर तक जा पहुंचा लेकिन इसका बड़ा हिस्सा केवल तेल और ऊर्जा आयात है जबकि भारत का रूस को निर्यात लगभग 5 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद को बहाना बनाकर भारत के ऊपर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ थोप दिए, जिससे कई आइटम्स पर कुल ड्यूटी 50 प्रतिशत तक जा पहुंची। तर्क यह कि भारत सस्ते रूसी तेल के जरिए मॉस्को की वॉर मशीन को फंड कर रहा है। नतीजा यह कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार और महंगा तथा अनिश्चित हो गया। स्पष्ट है कि यह सिर्फ व्यापारिक व्यवस्था नहीं, राजनीतिक दबाव का औजार भी है। सवाल यह नहीं कि भारत रूस से तेल खरीदे या नहीं बल्कि सवाल यह है कि क्या वाशिंगटन किसी तीसरे देश को चुनकर उसकी ऊर्जा और रणनी. तिक आजादी पर शर्तें तय कर सकता है और दिल्ली इसे कितनी दूर तक सहन करेगी। पुतिन की यह यात्रा इसी टैरिफ-दबाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका खुलकर चाहता है कि भारत रूसी तेल पर निर्भरता घटाए, साथ-साथ अमे. रिकी हथियार और उत्पादों के लिए अपने बाजार और ज्यादा खोले। भारत को अब यह संतुलन बेहद बारीकी से साधना है और यही इस शिखर मुलाक. ात की असली कसौटी होगी। कच्चे तेल पर शुरुआती जबरदस्त छूट अब सिकुड़कर मामूली मार्जिन तक आ गई है। ऐसे में केवल 1.5-2 डॉलर प्रति बैरल के लाभ के लिए भारत अपनी छवि को युद्ध फाइनेंसर की तरह पेश नहीं होने दे सकता, यह बात दिल्ली और मॉस्को, दोनों को समझनी होगी। ऊर्जा सहयोग जरूरी है पर शर्तों पर पुनर्विचार भी उतना ही जरूरी है, दीर्घकालिक व पारदर्शी तेल-समझौते, कीमत, बीमा, शिपिंग और भुगतान पर साफ फार्मूला, ताकि हर तिमाही पर भू-राजनीति के हिसाब से अनिश्चितता न बनती रहे। एलएनजी, कोयला और परमाणु ऊर्जा में भी संतुलित साझेदारी जरूरी है, कुडनकुलम जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ें, नए रिएक्टरों पर स्पष्ट टाइमलाइन बने ताकि सहयोग केवल कच्चा तेल तक सीमित न रहे। ऊर्जा भारत के लिए जीवनरेखा है लेकिन यह रिश्ता तभी टिकाऊ होगा, जब इसके बदले में भारत को भी रूस के बाजार में वास्तविक और बड़े पैमाने पर जगह मिले, केवल भावनात्मक दोस्ती के भरोसे नहीं। आज की हकीकत यह है कि भारत रूस से कच्चा तेल, गैस, कोयला, उर्वरक और हीरे का भारी आयात करता है जबकि बदले में दवाएं, कुछ मशीनरी, केमिकल और सीमित उपभोक्ता वस्तुएं ही भेज पाता है। नतीजा यह कि रूस से आयात 60 अरब डॉलर से ज्यादा और रूस को निर्यात महज 5 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में तमाम दिग्गज विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली को पुतिन के सामने दो टूक बात रखनी होगी कि हम केवल तेल आयातक नहीं रह सकते। रूस को फार्मा, हैल्थकेयर इक्विपमेंट, आईटी सर्विसेज, ऑटो पार्ट्स, कृषि-उद्यानिक उत्पाद, मसाले, चाय-कॉफी, प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-इलैक्ट्रॉनिक्स और प्रोफैशनल सर्विसेज के लिए भारत को प्राथमिक सप्लायर बनाना होगा। आज रूस अपनी ज्यादातर नॉन-एनर्जी जरूरतों के लिए चीन की ओर देखता है, वहां प्रोडक्ट सस्ते हैं, लॉजिस्टिक नेटवर्क पुराना और मजबूत है लेकिन भारत को अपने डिमांड कार्ड का इस्तेमाल करके मॉस्को को यह संदेश देना होगा कि यदि भारत रूसी ऊर्जा और हथियारों के लिए खुला बाजार बना रहता है तो बदले में रूस को भी भारतीय सामान और सेवाओं के लिए अपने बाजार को संरचनात्मक रूप से खोलना पड़ेगा। यही संतुलन भारत को अमेरिकी टैरिफ-दबाव से आंशिक राहत दिला सकता है। जब रूस भारत से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाएगा, तब कम से कम एक धुरी पर भारतीय निर्यातकों के लिए नया और अपेक्षाकृत सुरक्षित बाजार बनेगा। रूस के साथ रक्षा सहयोग इस यात्रा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। भारत ने एस-400 एयर-डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में समझौता किया, तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं, दो की सप्लाई अभी बाकी है। यूक्रेन युद्ध, प्रोडक्शन प्रायोरिटी और लॉजिस्टिक बाधाओं के चलते डिलीवरी टाइमलाइन बार-बार खिसकती रही है। इसी तरह एसयू-30एमकेआई अपग्रेड, कलपुर्जों की सप्लाई, पनडुब्बियों और टैंकों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे भी हैं। भारत अब एकल सप्लायर-निर्भरता से निकलकर फ्रांस, अमेरिका, इजराइल सहित कई स्रोतों से खरीद कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि रूस को क्लियर टाइमलाइन, पक्के सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और जॉइंट प्रोडक्शन के ठोस प्रस्ताव देने होंगे और भारत को यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भरोसेमंद सप्लाई चेन और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर ही तय करेगा कि अगली पीढ़ी के सौदों में रूस की हिस्सेदारी कितनी रहेगी। एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट पर भी बात होगी लेकिन भारत अब किसी एक प्रोजेक्ट पर आंख मूंदकर दांव लगाने की स्थिति में नहीं है। यह संवाद तभी सार्थक होगा, जब रूस को भी यह समझ आ जाए कि भारत आज खरीदार से ज्यादा भागीदार बनना चाहता है। अमेरिकी वित्तीय प्रतिबंधों के बाद भारत-रूस व्यापार ने डॉलर से हटकर दिरहम, रूपए और युआन जैसे विकल्पों की ओर रुख किया है। आज कच्चे तेल के भुगतान का बड़ा हिस्सा यूएई दिरहम के जरिए निपटता है, कुछ हिस्सा रूपए में और कभी-कभार युआन में। यह व्यवस्था कागज पर आकर्षक लगती है, डी-डॉलराइजेशन का नारा भी सुहावना लगता है लेकिन व्यवहार में इसमें तीन बड़ी समस्याएं हैं, निष्क्रिय रूपया बैलेंस, दिरहम पर निर्भरता और राजनीतिक जोखिम। रूस के पास जमा रूपया इस्तेमाल न होने पर यह भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक सिरदर्द बनता है। असल में हम डॉलर से निकलकर एक और मध्यस्थ मुद्रा पर निर्भर हो रहे हैं, जो खुद पश्चिमी वित्तीय व्यवस्था से जुड़ी है। किसी भी नए प्रतिबंध, सैकेंडरी सैंक्शन या पेमेंट रूल बदलने पर पूरी व्यवस्था हिल सकती है। या तो दोनों देश किसी स्थाई, स्पष्ट और कानूनन सुरक्षित पेमेंट फ्रेमवर्क पर सहमत हों या फिर ऊर्जा-सौदों को ऐसे कानूनी कवर में लाया जाए, जो बार-बार भू-राजनीतिक तूफानों में न डगमगाए। अमेरिका-यूरोप एक तरफ, रूस-चीन धुरी दूसरी तरफ, दुनिया नए तरह की शीत युद्ध जैसी ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दिख रही है। भारत ने अब तक सफलतापूर्वक रणनीतिक स्वायत्तता की राह अपनाई है, क्वॉड में अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ बैठकर भी और ब्रिक्स तथा एससीओ में रूस-चीन के साथ साझेदारी निभाकर भी लेकिन ट्रंप टैरिफ और यूक्रेन युद्ध के बाद दबाव अब ठोस आर्थिक लागत में बदल चुका है। यही वह मोड़ है, जहां भारत को अपने लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत स्पष्ट करने होंगे। ऊर्जा सुरक्षा अनिवार्य है पर किसी एक स्रोत पर 35-40 प्रतिशत निर्भरता जोखिम है, रक्षा-सहयोग महत्वपूर्ण है पर एक सप्लायर पर लॉजिस्टिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम बन चुकी है, रणनीतिक स्वायत्तता जरूरी है पर इतनी भी मध्यमार्गी नहीं हो सकती कि दुनिया हमें खुले तौर पर युद्ध-वित्त पोषण के प्रतीक के रूप में देखने लगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हमारे शरीर की सारी वसा एक-सी नहीं होती

हमारे शरीर में वसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के विकास के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन शरीर में वसा की अतिरिक्त मात्रा से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। भारत में औसतन 40 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से परेशान हैं। इससे निपटने के लिए सबसे अच्छा सुझाव तो नियमित रूप से व्यायाम और शारीरिक परिश्रम करना है, लेकिन ऐसा करना सबके लिए संभव नहीं हो पाता। इस विषय में कई तरह के शोध किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा नुस्खा नहीं मिला जिससे आसानी से शरीर की वसा को नियंत्रित किया जा सके। हाल के वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शोध दल ने शरीर में उपस्थित अत्यधिक वसा से निपटने का तरीका खोज निकाला है।

गौरतलब है कि हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो प्रकार की वसा होती हैरू ब्राउन फैट और व्हाइट फैट। ब्राउन फैट चयापचय, मोटापे और मधुमेह को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और दीर्घायु को संभव बनाती है। दूसरी ओर, व्हाइट फैट चयापचय की दृष्टि से अकार्यशील होता है। इसकी ऊर्जा का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और यह शरीर में जमा होता रहता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सवाल रहा है कि शरीर में ब्राउन फैट को कैसे बढ़ाया व सक्रिय किया जाए। साथ ही यह भी एक मुद्दा रहा है कि क्या व्हाइट फैट को ब्राउन में तबदील करना संभव है। क्यूबैक स्थित शेरब्रुक युनिवर्सिटी हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में शरीर में उपस्थित ब्राउन फैट को सक्रिय करने का प्रयास किया गया है। वास्तव में ब्राउन फैट ठंड या कुछ रासायनिक संकेतों के प्रत्युत्तर में सक्रिय होकर शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। मनुष्यों के शरीर में ब्राउन फैट की मात्रा काफी कम होती है। वैज्ञानिकों का प्रयास रहा है कि किसी अन्य तरीके से ब्राउन फैट को सक्रिय किया जा सके या व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित किया जा सके ताकि चयापचय में सुधार हो। ब्राउन फैट नवजात शिशुओं की गर्दन और कंधों में पाया जाता है। यह काफी मात्रा में कैलोरी जलाता है और शरीर को गर्म रखने का काम करता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह कम होने लगता है और 6 वर्ष की आयु तक यह कुल फैट के 5 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसके बाद हमारे शरीर में केवल निष्क्रिय व्हाइट फैट बनता है। इस व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में बदलने और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया। उन्होंने व्हाइट फैट की कोशिकाओं को लेकर उन्हें बहुसक्षम स्थिति में परिवर्तित किया और फिर कुछ एपीजेनेटिक स्विच के साथ छेड़छाड़ की तो वे ब्राउन फैट कोशिकाओं में परिवर्तित हो गई। इसके बाद उन्होंने ब्राउन फैट को. शिकाओं को कल्चर किया और एक अन्य जीन को सक्रिय करके कोशिका की सतह पर ऐसे प्रोटीन की



संरचना को परिवर्तित कर दिया जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। ऐसा करने से ब्राउन फैट को भेड़ों में इंजेक्ट करने पर उनके शरीर ने इसे अस्वीकार नहीं किया। इस ब्राउन फैट को एक मोटी भेड़ में डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी अधिक मात्रा में ब्राउन फैट वाली भेड़ दुबली हो गई और उसमें चयापचय सिंड्रोम तथा मधुमेह भी खत्म हो गया।

इस संदर्भ में डा. शिन्या यामानाका द्वारा वयस्क को. शिकाओं को उनकी मूल भ्रूण अवस्था में लाने का काम महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिए उन्होंने चार प्रकार के जीन को सक्रिय किया था जिन्हें यामानाका कारक कहा जाता है। ये कारक एक तरह से स्विच का काम करते हैं। भ्रूणीय अवस्था में आने के बाद ए कोशिकाएं ब्राउन फैट, व्हाइट फैट, हृदय। लीवर या गुर्दे वगैरह की कोशिकाएं बनाने में सक्षम हो जाती हैं। ब्राउन फैट को उपयोग करने में एक बड़ी समस्या रही है कि ब्राउन फैट द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्हाइट फैट में प्रोग्राम किया जाए। यह अब संभव हो गया है। डेलावेयर स्थित एक समूह ने एक मान्य उपचार के माध्यम से कुछ महिलाओं में निष्क्रिय ब्राउन फैट को सक्रिय किया तथा व्हाइट फैट को ब्राउन में भी परिवर्तित किया। इसकी मदद से व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने की तकनीकें विकसित की जा सकेंगी। यह ब्राउन फैट आपके वजन को कम करने के साथ मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग और डिमेंशिया के जोखिम को भी कम करेगा। यह तकनीक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गौरतलब है कि 1974 से मधुमेह, अस्थिरोग और कैंसर जैसे बीमारियों के लिए व्हाइट फैट का बढ़ता स्तर सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा थकान और ताकत की कमी जैसे बुढ़ापे के लक्षणों के पीछे का कारण भी शरीर की अतिरिक्त वसा है। वसा के बढ़ने से जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है। यदि वैज्ञानिक मनुष्यों में व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने का रास्ता खोज निकालते हैं तो इससे कई बीमारियों के जोखिम में कमी आ सकती है।

**...स्रोत फीचर्स**

# फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात

भारतीय शोधकर्ताओं ने धान के पौधे से एक बैक्टीरिया खोजा है, जो रोगजनक फंगस (फफूंद) को खाता है, साथ ही शोधकर्ताओं ने उस बैक्टीरिया में एक फंगल-रोधी प्रोटीन की भी पहचान की है, जो कई तरह के फंगल इनफेक्शन से लड़ने में मददगार हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार बीजी-9562 नामक यह नया प्रोटीन पौधों के साथ-साथ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में होने वाले फंगल इनफेक्शन को रोकने में कारगर साबित हो सकता है। यह शोध नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में शामिल प्रमुख शोधकर्ता डा. गोपालजी झा ने बताया कि बीजी-9562 एक फंगल-रोधी प्रोटीन है, जो फंगल-भोजी बैक्टीरिया बर्खोल्डेरिआ ग्लैडिओली के एक रूप एनजीजे 1 में पाया जाता है। एनजीजे 1 फंगस पर आश्रित रहता है और उसकी कोशिक. ाओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। धान की शीथ ब्लाइट नामक बीमारी के लिए जिम्मेदार फफूंद राइजोक्टोनिया सोलानी के नियंत्रण में एनजीजे 1 को प्रभावी पाया गया है, लेकिन पहले वैज्ञानिकों को यह मालूम नहीं था एनजीजे 1 में पाए जाने वाले इस गुण के लिए कौन-सा तत्व जिम्मेदार है। हालांकि अव वैज्ञानिकों का मानना है कि फफूंद को अपना भोजन बनाने के गुण के कारण किसी अन्य फंगल-रोधी बैक्टीरिया की अपेक्षा एनजीजे 1 ज्यादा प्रभावी जैव नियंत्रक साबित हो सकता है। यह अध्ययन हाल में शोध पत्रिका नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित किया गया है। डा. झा के अनुसार बीजी-9562 प्रोटीन फंगल-रोधी



उपचार में कई तरीकों से उपयोगी हो सकता है। उदाहरण के लिए इस प्रोटीन के उपयोग से तैयार मिश्रण खेतों में छिड़ककर फसल को रोगों से बचा सकते हैं।

फंगल संक्रमण के उपचार के लिए दवा बनाने में भी यह कारगर हो सकता है। इसके अलावा फंगल-रोधी पौधे विकसित करने में भी ट्रांसजीन के रूप में बीजी-9562 जीन का उपयोग हो सकता है। दुनिया भर में रोगजनक फफूंद कई रूपों में खतरा बने हुए हैं। राइजोक्टोनिया सोलानी, मैग्नापोर्थ ओराइजे, फ्यूसिरियम ऑक्सिसपोरम, एस्कोकाईटा रैबेई और वेंचुरिया इनैक्वालिस नामक फंगस पौधों के कुछ प्रमुख रोगजनक माने जाते हैं। कुछ फफूंद जैसे कि कैंडिडा एल्बिकैन्स मनुष्य और जानवरो में भी फंगल संक्रमण का कारण होते हैं। इनके नियंत्रण के प्रभावी उपाय खोजे जा रहे हैं। इस लिहाज से यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में डा. गोपालजी झा के अलावा दुर्गा माधव स्वैन, सुनील कुमार यादव, ईशा त्यागी, राहुल कुमार, राजीव कुमार, श्रेयान घोष और जयती दास शामिल थे।

# बच्चों के दोस्त बनकर रहें

आज फैशन, लाइफ स्टाइल, करियर, दोस्त और एजुकेशन को लेकर युवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। घर का बच्चा कब जागता है, कब खाता है, क्या खाता है, कहां जाता है, कौन दोस्त है, उसकी पढ़ाई कैसी चल रही है, उसके मन-मस्तिष्क में किस तरह के झंझावात चल रहे हैं, आज घर वालों को इन बातों का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं है। युवाओं के मन-मस्तिष्क को समझने वाले साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बच्चे से युवा होते किशोर सबसे ज्यादा अपने दोस्तों से प्रभावित होते हैं। उन्हीं के हिसाब से फैसले लेते हैं, वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। लिहाजा जिद्दी हो जाते हैं, यही जिद उन्हें तनाव की तरफ ले जाती है। जीवन के प्रति आज बड़ों और युवाओं का नजरिया अलग-अलग है। आसानी से चीजों की प्राप्ति के लिए युवाओं के पास कई तरह के रास्ते हो सकते हैं, उन्हें कतार में खड़े रहना पसंद नहीं, जबकि बुजुर्ग रिश्तों की प्रतिबद्धता में विश्वास रखते हैं। उन्हें लगता हैं कि उनका बच्चा परिवार और पारिवारिक रिश्तों के प्रति जिम्मेदार है, जबकि युवाओं का अधिकांश वक्त दोस्तों और सोशल साइट्स पर बीत रहा है। न्यूक्लियर फैमिली की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बच्चों के लिए माता-पिता के पास वक्त नहीं है। उनकी हर जिद को पूरा करके माता-पिता सोचते हैं कि उनका बच्चा आइडियल संतान बन रहा है। महानगरों में कार्यरत माता-पिता नौकरीपेशा होते हैं। लिहाजा बच्चा किशोरवय की दहलीज पर पहुंचते-पहुंचते भटकाव के रास्ते पर आ खड़ा होता है। जिन तीन मामलों का ऊपर जिक्र किया उन तीनों में एक बात समान है कि तीनों युवाओं से घर वालों की बातचीत ज्यादा नहीं हो रही थी। माता-पिता सुबह काम पर चले जाते हैं। बच्चे को अगर किसी चीज की जरूरत होती है तो उसे झटपट पूरा करने के बाद वे समझ जाते हैं कि बच्चा खुश है। हमारा सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है। महानगरीय स्वरूप तीन दशकों में बिल्कुल बदल गया है। दादा-दादी, नाना-नानी, बुआ, चाचा फ्लैट कल्चर में समा नहीं पाते। इसका गंभीर प्रभाव युवाओं पर बुरा असर डाल रहा है। एक वक्त था जब दादा, चाचा, बुआ पल भर में बच्चे की मानसिक स्थिति को समझ जाते थे। उनके मन में क्या चल रहा है, समाज को समझने के लिए उनका नजरिया क्या होना चाहिए, पढ़ाई के दबाव से वे कैसे बाहर निकलेंगे, इन बातों के हल के लिए परिवार में मौजूद लोगों के पास सटीक नुस्खे होते थे। अवसाद से घिरा युवा समझ नहीं पाता कि कहां जाऊं और किससे बात करूं। इसीलिए घर से ज्यादा वक्त किशोर दोस्तों के साथ बिताना चाहता है। स्कूल में पढ़ाई का आधे से ज्यादा काम फेसबुक, मेल-आईडी और व्हाट्सएप के जरिए पूरा हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को शिक्षा से ज्यादा किशोर दूसरी चीजों में कर रहे हैं। स्कूलों की प्राथमिकताएं भी आदर्श छात्र बनाने से कहीं ज्यादा हाई-टेक स्कूल बनाने में है। देश की शिक्षा नीति सूचना प्रौद्योगिकी की तो हिमायत करती है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि अध्यापक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ही क्लासरूम का स्मार्टबोर्ड बना लें। एकल परिवार की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह बच्चे से अत्याधिक अपेक्षाएं रखते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि बच्चों के दोस्त बनकर उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है। उनकी तुलना किसी दूसरे से करने पर उनके किशोरमन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। परिजनों को समझना होगा कि हमारा बच्चा क्या चाहता है और उसकी चाहत का क्या मतलब है। बच्चों को समझाएं कि बदलाव जीवन का हिस्सा है। माता-पिता बच्चों के साथ उनके मन की बातों को साझा करें। बच्चों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। पढ़ाई के साथ ही घर के कामकाज में भी उनकी भागेदारी तय करें। खुद पर नियंत्रण रखने की सीख दें। दूसरों को सम्मान देने की शिक्षा दें। बच्चों से कहें कि उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है। बच्चों के साथ भेदभाव वाला बर्ताव न करें। माता-पिता अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। तभी हम किशोरों को बिखराव से बचा सकते हैं।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के रेडवानी बाला में भारतीय सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार रेजिमेंट) द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कतार में प्रतीक्षा करते ग्रामीण।

## विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा, ओमान ने की छुड़ाने में मदद

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

## मोजाम्बिक में विस्थापितों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी मोजाम्बिक प्रांत में हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित किया। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को दी। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव एवं आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने नामपुला प्रांत में 120000 विस्थापित लोगों के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) से बुधवार को सहायता जारी की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार तक लगभग एक लाख लोग मध्य नवम्बर में प्रांत में हिंसा फैलने के बाद से अपने घरों से पलायन कर चुके हैं।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

### कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला, इस साल 8वीं बार क्रैश हुआ अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्राना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ।

विमान ट्राना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया। इस साल यह आठवीं बार है जब एफ-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है।



■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डालर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपये) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57जी विंग पब्लिक अफेयर्स आफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी। एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था।

# पाक पीएम-आर्मी चीफ पर बैन की मांग

### 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा: पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। सी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। 44 सांसदों ने लेटर पर साइन करके इसे अमेरिकी विदेश मंत्री के पास भेजा। आसिम मुनीर 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल चुके हैं। 18 जून को ट्रम्प ने उन्हें लंच के लिए व्हाइट हाउस बुलाया था। इस दौरान दोनों ने बंद कमरे में बैठक की थी।

अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से मुलाकात की थी। तीनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। अमेरिकी सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे राजनीतिक कैदियों की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जो अधिकारी नागरिकों की कानूनी आजादी को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सांसदों ने आगे कहा कि ऐसे कदम मानवाधिकारों के तरफ अमेरिका की जवाबदेही को दिखाएंगे। पाकिस्तानी अमेरिकी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय दमन से बचाएंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे। इमरान खान पिछले दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से इमरान के परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था।



■ पाक में सेना सरकार चला रही है आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा
■ पत्रकारों को धमकाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा

#### क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं...

**वाशिंगटन।** सांसदों के पत्र के अनुसार, शरीफ और मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो अमेरिकी कानूनों के तहत संभव हैं। वीजा बैन-अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती-अमेरिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

## कट्टरपंथी विश्व अमेरिका के लिए खतरा: मार्क रूबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की 'ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है। विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजीरिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा। रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह विचार इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है। इराक या सीरिया ने दिखाया है कि उनकी इच्छा सिर्फ दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपने छोटे से खलीफा से संतुष्ट होना नहीं है, वे विस्तार करना चाहते हैं। रूबियो ने ईरान का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) प्रभाव हासिल करने के लिए और विभिन्न संस्कृतियों एवं समाजों पर हावी होने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है।

वहीं इजरायल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ।

एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के लड़ाकों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम समझौता हुआ था। संघर्ष विराम के बाद दोनों तरफ से सक्रिय और बड़े हमले तो रुक गए हैं, लेकिन इसके बावजूद छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी जारी हैं और दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।



■ संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं
■ यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ

## चीन में नई शहरीकरण रणनीति लागू करने का आग्रह

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जन-केंद्रित नई शहरीकरण रणनीति को लागू करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के एकीकृत विकास में निहित घरेलू मांग को खोलने और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का आग्रह किया। ली ने यह टिप्पणी बुधवार को राज्य परिषद के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए की। ली ने कहा कि घरेलू मांग का विस्तार करने, औद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देने और घरेलू खपत को मजबूत करने के लिए नई शहरीकरण रणनीति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पूरे देश में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और 15वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2026-2030) में नए शहरीकरण के विकास के लिए बहुत गुंजाइश है।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है।

द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवम्बर से चरम मौसम की वजह से बनी है। भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, आपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

## वियतनाम प्रौद्योगिकी नवाचार में 34 करोड़ अमरीकी डॉलर निवेश करेगा

**हनोई।** वियतनाम सरकार अगले वर्ष से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपने वार्षिक बजट की चार प्रतिशत राशि आवंटित करेगी, जो नौ खरब वियतनामी डोंग के बराबर है। यह जानकारी वीएनइकोनॉमी ने गुरुवार को दी। कुल निवेश में से सार्वजनिक निवेश 5.5 खरब वियतनामी डोंग से अधिक होगा। नगर निगम की पीपुल्स कमेटी के उपाध्यक्ष त्रुओंग वियत डुंग ने कहा कि 2025 में आठ से 10 प्रतिशत और 2026 में 11 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को बनाए रखने के लिए शहर के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम

### अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जारी किया बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है।

पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मास्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है। बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा कि यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है।

हालांकि रूस और यूक्रेन को 'रेड लाइन्स' प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो श्ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।



■ शांति प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर रूस की असहमति

# हसीना के बेटे सजीब वाजेद के गिरफ्तारी वॉरंट जारी

### जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जाय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जाय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी। इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था। ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को एक और मामले में पूर्व विधि मंत्री अनिसुल हक और पूर्व निवेश सलाहकार सलमान एफ. रहमान के खिलाफ भी औपचारिक आरोप स्वीकार कर लिए। यह मामला कर्फ्यू लागू होने के बाद कथित सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है। दोनों नेता पहले से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें 10 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इसी मामले में पूर्व आईसीटी राज्य मंत्री पलक को भी अदालत में पेश होना होगा। इन कार्रवाइयों के बाद बांग्लादेश की राजनीति में तनाव और गहराता दिख रहा है।



■ हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है
■ जाय हसीना सरकार में ICT मामलों के सलाहकार थे




